डीएवीपी द्वारा मान्यता प्राप्त

दैनिक
प्रेरणास्रोत पूज्यनीय राजनलाल गौतम जी
# यूनिक समय
मथुरा से प्रकाशित

नवरात्रि की शुभकामनाएं

यूनिकॉम एडवरटाइजिंग

Sweety BY MR GROUP Presents
Unique Samay Update
uniquesamay.com

वर्ष-4 | अंक-227 | सांध्य दैनिक | मथुरा/आगरा संभाग, रविवार, 11 अक्टूबर 2026 | पेज-12 | 5 रुपया | www.facebook.com/uniquesamay | X.com/Theuniquesamay | www.linkedin.com/in/uniquesamay



# गांव की सरकार में अब महिलाओं की चलेगी भागीदारी

## मथुरा की दो पंचायतें बनेंगी महिला सशक्तीकरण का मॉडल

## बैंक ऋण से रोजगार शिक्षा और सुरक्षा पर रहेगा फोकस



**यूनिक समय, मथुरा।** गांव की सरकार में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने और उन्हें सामाजिक-आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए जिले में पहल शुरू की गई है। पंचायती राज मंत्रालय की आदर्श महिला हितैषी ग्राम पंचायत पहल के तहत जिले की दो ग्राम पंचायतों का चयन कर उन्हें महिला सशक्तीकरण के मॉडल के रूप में विकसित किया जाएगा। इन पंचायतों में महिलाओं की शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा, रोजगार और स्वरोजगार से जुड़े पहलुओं पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। साथ ही पंचायत के निर्णयों में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के प्रयास होंगे।

इस पहल का उद्देश्य महिलाओं को केवल सरकारी योजनाओं का लाभार्थी बनाने तक सीमित न रखकर उन्हें पंचायत की निर्णय प्रक्रिया का सक्रिय हिस्सा बनाना है। इसके लिए पंचायत स्तर पर महिला हितैषी व्यवस्थाएं विकसित करने के साथ विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ पात्र महिलाओं तक पहुंचाने पर जोर रहेगा।

चयनित ग्राम पंचायतों में बालिकाओं की शिक्षा की निरंतरता सुनिश्चित करने के लिए प्रयास किए जाएंगे। प्राथमिक से उच्च प्राथमिक और माध्यमिक स्तर तक पढ़ाई जारी रखने और बीच में स्कूल छोड़ने वाली बालिकाओं की संख्या कम करने पर ध्यान दिया जाएगा। महिलाओं के शैक्षिक स्तर में सुधार भी इस पहल का महत्वपूर्ण उद्देश्य है। स्वास्थ्य के क्षेत्र में शत-प्रतिशत संस्थागत प्रसव कराने और मातृ-शिशु मृत्यु दर में कमी लाने के लिए संबंधित योजनाओं का लाभ पहुंचाने पर जोर रहेगा।

### बैंक ऋण से शुरू कर सकेंगी कारोबार

महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने के लिए स्वयं सहायता समूहों को सक्रिय किया जाएगा। समूहों के माध्यम से महिलाओं को बैंक ऋण से जोड़कर बकरी पालन, मुर्गी पालन और अन्य छोटे कारोबार शुरू करने के लिए प्रेरित किया जाएगा। इससे ग्रामीण महिलाओं के लिए आय के अवसर बढ़ाने और परिवार की आर्थिक स्थिति मजबूत करने में मदद मिलेगी। प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना सहित महिला कल्याण से जुड़ी योजनाओं का लाभ भी पात्र महिलाओं तक पहुंचाने का लक्ष्य है।

### आदर्श महिला हितैषी ग्राम पंचायत विकसित करना उद्देश्य

जिला पंचायत राज अधिकारी धनंजय जायसवाल ने बताया कि केंद्र सरकार की इस पहल का उद्देश्य प्रत्येक जिले में कम से कम एक आदर्श महिला हितैषी ग्राम पंचायत विकसित करना है। पंचायतों के आकलन में बालिकाओं की शिक्षा, संस्थागत प्रसव, मातृ वंदना योजना, पंचायत बैठकों में महिलाओं की भागीदारी, स्वयं सहायता समूहों को बैंक ऋण और महिला अपराध जैसे संकेतकों को शामिल किया गया है। इन मानकों के आधार पर पंचायतों में महिला सशक्तीकरण से जुड़े कार्यों को आगे बढ़ाया जाएगा।

### सुरक्षा व्यवस्था और जनभागीदारी होगी मजबूत

ग्राम पंचायतों की बैठकों में महिलाओं की नियमित भागीदारी बढ़ाने के साथ निर्वाचित जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों को महिलाओं से संबंधित कानूनों के प्रति प्रशिक्षित किया जाएगा। महिला हेल्प डेस्क, सीसीटीवी कैमरों और सुरक्षा से जुड़े अन्य उपायों को मजबूत करने पर भी ध्यान दिया जाएगा। महिला अपराधों में कमी लाने और गांवों में सुरक्षित वातावरण तैयार करने के लिए प्रयास होंगे।

# कारोबारी के घर से नकदी आभूषण समेत लाखों की चोरी

## फरह थाने से महज 300 मीटर दूर हुई वारदात 5.65 लाख रुपये नकद और सोने-चांदी के जेवर ले गए चोर

## सीसीटीवी कैमरों की डीवीआर भी उखाड़ ले गए, वैष्णो देवी दर्शन करने गया था परिवार



**यूनिक समय, मथुरा।** फरह कस्बे में चोरों ने पुलिस को चुनौती देते हुए फर्नीचर कारोबारी के मकान को निशाना बनाया। थाना से महज 300 मीटर दूर हुई चोरी की इस वारदात में चोर 5 लाख 65 हजार रुपये नकद, सोने-चांदी के आभूषण और सीसीटीवी कैमरों की डीवीआर तक ले गए। परिवार के घर लौटने पर घटना की जानकारी हुई। वारदात से कस्बे में सनसनी फैल गई है।

थाना क्षेत्र के गांव बरौदा निवासी सुमित अग्रवाल कस्बा की डाक्टरों वाली गली में व्यवसाय करते हैं और वहीं रहते हैं। सुमित अग्रवाल परिवार के साथ सात अक्टूबर को वैष्णो देवी दर्शन करने गए थे। इसी दौरान चोरों ने मकान को निशाना बना लिया। घर के नीचे फर्नीचर शोरूम का शटर बंद था। चोर मकान के पीछे से छत पर चढ़े और कमरे का जंगला काटकर अंदर दाखिल हो गए। इसके बाद चारों ने आराम से घर को खंगाला। अलमारी और डबल बेड की तलाशी ली। इसके बाद चोर घर में रखी नकदी और कीमती आभूषण समेटकर फरार हो गए। चोर सीसीटीवी कैमरों की डीवीआर भी अपने साथ ले गए। शनिवार रात परिवार के लौटने पर चोरी का पता चला।

पीड़ित सुमित अग्रवाल ने बताया कि चोर एक सोने की नथ, चार सोने की चूड़ियां, दो सोने की अंगूठियां, दो मंगलसूत्र, करीब 13 ग्राम सोने की चेन और तीन जोड़ी चांदी की तोड़ियां भी ले गए। चोरी गए आभूषणों की लागत कई लाख रुपये आंकी गई है।

### गश्त पर उठे सवाल

थाने से इतनी कम दूरी पर चोरी की वारदात होने से पुलिस की रात्रि गश्त और सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठ रहे हैं। अब पुलिस के सामने चोरों का पता लगाने, चोरी गए सामान की बरामदगी और घटना का खुलासा करने की चुनौती है। वहीं, बीते दो साल के दौरान कस्बा में कई चोरियां हो चुकी हैं, लेकिन पुलिस एक भी चोरी का खुलासा नहीं कर सकी है।

# साइबर ठगों के निशाने पर डीएम फिर बनाई फर्जी फेसबुक आईडी

## पहले भी हो चुके हैं ऐसे मामले, नाम और फोटो का दुरुपयोग कर लोगों को भेजी जा रही फ्रेंड रिक्वेस्ट




डीएम चंद्रप्रकाश सिंह के नाम से बनाया फर्जी फेसबुक अकाउंट।

**यूनिक समय, मथुरा।** डीएम चंद्र प्रकाश सिंह के नाम और फोटो का इस्तेमाल कर इंटरनेट मीडिया पर फर्जी प्रोफाइल बनाए जाने का मामला फिर सामने आया है। फर्जी फेसबुक अकाउंट से लोगों को फ्रेंड रिक्वेस्ट भेजी जा रही हैं। इससे पहले भी डीएम के नाम से फर्जी खाते बनाए जाने की घटनाएं सामने आ चुकी हैं।

इसी साल 28 जून को डीएम के नाम से फर्जी फेसबुक अकाउंट बनाया गया था। वहीं, सितंबर 2025 में उनके नाम से फर्जी व्हाट्सएप अकाउंट बनाकर परिचितों से रुपये मांगने का मामला सामने आ चुका है। अब एक बार फिर डीएम के नाम से फर्जी फेसबुक अकाउंट बनाया गया है। ऐसी जानकारी स्वयं डीएम ने इंटरनेट मीडिया पर साझा की है। लगातार सामने आ रहे इन मामलों में डीएम के नाम और तस्वीर का इस्तेमाल किया जा रहा है। ऐसे फर्जी खातों के जरिए लोगों को भ्रमित किए जाने और आर्थिक ठगी की आशंका रहती है। बार-बार फर्जी प्रोफाइल सामने आने से इनके खिलाफ कार्रवाई और ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने को लेकर सवाल उठते हैं। हालांकि, ताजा मामले में पुलिस की कार्रवाई, जांच की प्रगति और फर्जी अकाउंट संचालित करने वाले व्यक्ति की पहचान के संबंध में विस्तृत आधिकारिक जानकारी उपलब्ध नहीं है। परिचितों को ऐसे खातों से रुपये मांगने वाले संदेशों के प्रति सतर्क रहना चाहिए। वहीं, ऐसे फर्जी अकाउंट से किसी मांग के किए जाने की जानकारी भी संबंधित अधिकारी के साथ साझा करनी चाहिए। फिलहाल इस मामले में पुलिस को जानकारी दी गई है।

# राम बारात के स्वागत में पलक-पांवड़े बिछाए, बरसे फूल



रविवार को निकाली गई बारात में शामिल श्रीराम, लक्ष्मण और भरत, शत्रुघ्न के स्वरूप।

**यूनिक समय, मथुरा।** रविवार को श्री रामलीला सभा के तत्वावधान में मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम की भव्य- दिव्य रामबारात निकाली गई। सात दर्जन कलात्मक झांकियों और बैंड-बाजों की मधुर धुनों के बीच निकली रामबारात का नगरवासियों ने जगह-जगह पुष्पवर्षा और आरती कर स्वागत किया। पूरा शहर श्रीराम के जयकारों से गूंज उठा। बाटी वाली कुंज स्थित बृजधाम सेवा समिति के संयोजन में जनमासे से प्रारंभ हुई रामबारात चौक बाजार पहुंची। यहां स्व. किशन चंद शर्मा चैरिटेबल ट्रस्ट के तत्वावधान में पं. मनोज शर्मा और पं. बादल शर्मा के संयोजन में बनी अवधपुरी में स्वागत किया गया। इसके बाद रामबारात स्वामी घाट, छत्ता बाजार, होली गेट और कोतवाली रोड होते हुए भरतपुर गेट स्थित जनकपुरी पहुंची। यहां प्रभु श्रीराम और माता जानकी के विवाहोत्सव की लीला का मंचन हुआ। तिलकद्वार अग्रवाल धर्मशाला के संयोजन में जनकपुरी समिति और सर्वसमाज ने मुनि वशिष्ठ, विश्वामित्र, राजा दशरथ और बारातियों का स्वागत किया। वरमाला की रस्म के साथ उपस्थित श्रद्धालुओं ने जयकारे लगाए।

रामबारात की व्यवस्था में जुलूस मंत्री विनोद सर्राफ के साथ हिमांशु सूतिया, मनीष गर्ग, कुशल जिंदल, आनंद शर्मा, रामगोपाल शर्मा, विवेक सूतिया, अमन कुमार और विवेक पुजारी सक्रिय रहे। इस अवसर पर गोपेश्वरनाथ चतुर्वेदी, रविकांत गर्ग, जयन्ती प्रसाद अग्रवाल, जुगलकिशोर अग्रवाल, नन्दकिशोर अग्रवाल, मूलचंद गर्ग, विजय सर्राफ किरोड़ी, प्रदीप सर्राफ पीके, शैलेश अग्रवाल, अजय मास्टर, पं. शशांक पाठक, संजय बिजली, नगेन्द्रमोहन मित्तल, अजयकांत गर्ग, प्रेम सर्राफ, मदनमोहन श्रीवास्तव, चिन्ताहरण चतुर्वेदी, सोहनलाल शर्मा, प्रदीप गोस्वामी, पं. अमित भारद्वाज सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

सोमवार को शाम सात बजे श्रीकृष्ण जन्मस्थान रंगमंच पर कोप भवन की लीला का मंचन होगा।

# शेरगढ़ तालाब में गिरी बैलगाड़ी कैफ ने बचाई सात जानें

## चार महिला–पुरुष और तीन बच्चे थे सवार

## जान की परवाह किए बिना तालाब में कूदे कैफ मिस्त्री

**यूनिक समय, शेरगढ़।** कस्बा में यमुना पुल के समीप एक बैलगाड़ी अनियंत्रित होकर तालाब में जा गिरी। बैलगाड़ी में सवार चार महिला–पुरुष और तीन बच्चे डूबने लगे। यह देख पास में कार मैकेनिक का काम कर रहे कैफ मिस्त्री ने बिना देर किए तालाब में छलांग लगा दी। कड़ी मशक्कत के बाद उन्होंने सभी सात लोगों को सुरक्षित बाहर निकालने में मदद की। हादसे के बाद बच्चों को उपचार के लिए चिकित्सक के पास भेजा गया। जानकारी के अनुसार, निषाद परिवार खादर क्षेत्र में सब्जियों की खेती करता है।


तालाब से बैलगाड़ी सवार को तलाशते कैफ।

परिवार के लोग शाम को खेत में काम करने के बाद बच्चों सहित बैलगाड़ी से घर लौट रहे थे। इसी दौरान बैल अचानक अनियंत्रित हो गया और बैलगाड़ी तालाब में जा गिरी। हादसे के बाद मौके पर अफरा–तफरी मच गई। लोगों की चीख–पुकार सुनकर आसपास मौजूद लोग भी मदद के लिए जुट गए।

इसी बीच कैफ मिस्त्री ने साहस और सूझबूझ का परिचय देते हुए तालाब में उतरकर लोगों को बाहर निकालने में मदद की। उनके प्रयास से सातों लोगों की जान बच सकी। बच्चों को चिकित्सकीय सहायता के लिए भेजा गया।

### इंसानियत की मिसाल बने कैफ मिस्त्री

**यूनिक समय, शेरगढ़।** कैफ मिस्त्री के साहस और मानवीय संवेदना की क्षेत्र में चर्चा हो रही है। संकट की घड़ी में उन्होंने लोगों की जान बचाने के लिए अपनी परवाह किए बिना मदद का हाथ बढ़ाया। घटना ने सामाजिक सौहार्द और आपसी भाईचारे का संदेश दिया। लोगों का कहना है कि मुसीबत के समय जाति और धर्म से ऊपर उठकर इंसानियत के नाते एक–दूसरे की मदद करना ही सबसे बड़ा धर्म है।


श्रीराम की बारात में शामिल रामलीला समिति के पदाधिकारी।


श्रीराम की बारात में शामिल काली मां का स्वरूप।


श्रीराम और भाइयों की अगवानी को भरतपुर गेट पर सजी जनकपुरी।


बारात में शामिल भगवान शंकर की झांकी।




## डंपर की टक्कर से बाइक सवार की मौत चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**यूनिक समय, मथुरा।** डंपर की टक्कर से बाइक सवार की मौत के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घटना चार अक्टूबर को दोपहर करीब दो बजे बाईपास क्षेत्र में हुई थी। शशांक नौहवार निवासी यशवंत बाग, आगरा के अनुसार, उनके पिता दो अक्टूबर को बरसाना गए थे। चार अक्टूबर को बरसाना से मथुरा की ओर लौटते समय उनकी बाइक को पीछे से आ रहे डंपर ने टक्कर मार दी। टक्कर लगने से वह गंभीर रूप से घायल हो गए और घटनास्थल पर ही उनकी मृत्यु हो गई। हादसे में मोटरसाइकिल भी क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे के बाद चालक मौके से फरार हो गया।

## बरसाना में रास्ते में रोककर मारपीट करने का आरोप, छह लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**यूनिक समय, मथुरा।** बरसाना थाना क्षेत्र में मारपीट और वाहन क्षतिग्रस्त करने का मामला सामने आया है। पुलिस को दी गई शिकायत के अनुसार, क्रांति देवी निवासी गांव जानू ने आरोप लगाया कि 10 अक्टूबर को सुबह करीब 11 बजे वह अपने पति के साथ गांव में थीं। इसी दौरान यशपाल, पंकज, अभिषेक, मनीष और सुमित ने कथित तौर पर उनके साथ मारपीट की, पत्थरों और अन्य वस्तुओं से हमला कर उनकी गाड़ी क्षतिग्रस्त कर दी। शिकायत में जान से मारने की धमकी देने का आरोप भी लगाया गया है।

## यार्ड रिमॉडलिंग निर्माण कार्य से रेल यातायात प्रभावित, कई ट्रेनें निरस्त हुई

**यूनिक समय, मथुरा।** मथुरा जंक्शन और भूतेश्वर रेलवे स्टेशन पर यार्ड रिमॉडलिंग का कार्य यात्रियों के लिए परेशानी का कारण बन रहा है। पलवल-मथुरा रेलखंड पर चल रहे इस कार्य के चलते रेल प्रशासन ने कई ट्रनों को निरस्त किया गया है। शनिवार से शुरू हुआ रिमॉडलिंग को लेकर ट्रेनें भी प्रभावित रहीं। इससे इन ट्रेनों से यात्रा करने वाले यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

## संकट मोचन हनुमान मंदिर स्थापना पर अखंड रामायण पाठ 14 से

**यूनिक समय, कोसीकलां।** शेरगढ़ चौराहा स्थित श्री संकट मोचन बड़ा हनुमान मंदिर (प्याऊ) के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में अखंड रामायण पाठ-विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। मंदिर के महंत नारायणदास ने बताया कि 14 अक्टूबर बुधवार को प्रातः 7 बजे अखंड रामायण पाठ प्रारंभ होगा। 15 अक्टूबर गुरुवार को प्रातः 7 बजे पाठ का समापन होगा। जिसके बाद दोपहर 12 बजे से भंडारा–प्रसाद वितरण किया जाएगा। उन्होंने समस्त भक्तों से उक्त कार्यक्रम में पहुंचकर प्रसाद ग्रहण करने की अपील की है।

# रामलीला मेले के बीच बाजार में सांडों का आतंक

**यूनिक समय, कोसीकलां।** एक तरफ नगर में रामलीला महोत्सव का भव्य आयोजन चल रहा है, प्रतिदिन हजारों श्रद्धालुं रामलीला देखने और झांकियां देखने के लिए बाजारों में उमड़ रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ नगर पालिका की घोर लापरवाही से श्रद्धालुओं की जान जोखिम में पड़ी हुई है।

रविवार शाम थाना रोड स्थित नगर पालिका गेट के पास में दो आवारा सांडों के बीच हुई भयंकर भिड़ंत ने पालिका की व्यवस्थाओं की पोल खोल दी। 10 मिनट तक दोनों सांड एक–दूसरे को पटकते रहे, बाइकों को गिराते रहे और एक कार पर चढ़ गए। बाजार में भगदड़ मच गई, लोग जान बचाकर दुकानों में घुसे। गनीमत रही कि मेले की भीड़ उस समय वहां नहीं थी, वरना बड़ा हादसा तय था। स्थानीय लोगों का कहना है कि मेले के दौरान जब बाजार में महिलाओं और बच्चों की भारी भीड़ होती है, उस दौरान यही आवारा सांड बीच बाजार में आपस में भिड़ रहे हैं। अगर इनका रुख भीड़ की ओर हो जाता तो न जाने कितने लोग कुचल जाते, कितनी बड़ी जनहानि होती। इसका जिम्मेदार कौन होता, नगर पालिका या प्रशासन।


नगर पालिका गेट के पास आपस में टकराते सांड।

सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि रामलीला संस्थान ने मेले से पूर्व ही नगर पालिका को लिखित ज्ञापन सौंपकर मांग की थी कि मेले के दौरान सुरक्षा के मद्देनजर सभी आवारा सांडों को पकड़कर गौशाला भेजा जाए। लेकिन पालिका ने इस ज्ञापन को रद्दी की टोकरी में डाल दिया और कोई सुनवाई नहीं की।

### नगर पालिका बनी मूकदर्शक, बड़ा हादसा होगा तो किसकी जिम्मेदारी

नतीजा यह है कि आज भी झांकियों के दौरान दर्जनों आवारा सांड मुख्य बाजार, घंटाघर, पुराना बाजार और गली–मोहल्लों में खुलेआम घूमते रहते हैं। रात में झांकी मार्ग पर इनका जमावड़ा लगा रहता है, जिससे भगवान की सवारी निकालने में भी परेशानी होती है। व्यापारियों और रामलीला प्रेमियों ने चेतावनी दी है कि यदि नगर पालिका ने तुरंत सांडों को पकड़ने का अभियान नहीं चलाया और कोई हादसा हुआ तो उसकी समस्त जिम्मेदारी नगर पालिका प्रशासन की होगी। नगर में पालिका के खिलाफ भारी आक्रोश व्याप्त है।



# मुठभेड़ में अपहरण-हत्या के दो वांछितों को लगी गोली




मुठभेड़ के दौरान गोली लगने से घायल आरोपितों को ले जाते पुलिसकर्मी।

## पानीगांव लिंक रोड अंडरपास के पास पुलिस ने घेराबंदी कर पकड़ा

## कब्जे से तमंचे, कारतूस और बाइक बरामद, जिला अस्पताल में भर्ती

**यूनिक समय, मथुरा।** जमुनापार पुलिस और एसओजी टीम ने युवक का अपहरण कर हत्या करने के मामले में वांछित दो अभियुक्तों को मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया है। पानीगांव लिंक रोड अंडरपास के समीप हुई मुठभेड़ में पुलिस की जवाबी फायरिंग के दौरान दोनों के पैर में गोली लगी। घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने मौके से देशी तमंचे, कारतूस और बाइक बरामद की है।

थाना जमुनापार क्षेत्र के गांव सिहोरा निवासी पूरन सिंह ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसका भाई राजन उर्फ राजेश पांच अक्टूबर की रात करीब नौ बजे बिना बताए घर से कहीं चला गया था। मामले की विवेचना के दौरान पुलिस को पता चला कि राजन उर्फ राजेश की हत्या कर शव को शेरगढ़ क्षेत्र में यमुना नदी में फेंक दिया गया था।

विवेचना में गांव सिहोरा निवासी नवनीत, रवि कुमार, नरेंद्र सिंह और विष्णु के नाम प्रकाश में आए थे। पुलिस इनकी तलाश में जुटी थी। बीती रात एसओजी और जमुनापार पुलिस की टीम पानीगांव अंडरपास की लिंक रोड के पास चेकिंग कर रही थी।

इसी दौरान बाइक पर सवार दो युवक आते दिखाई दिए। पुलिस ने उन्हें रोकने का प्रयास किया तो उन्होंने फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस की जवाबी फायरिंग में दोनों के पैर में गोली लगी और वे घायल होकर गिर पड़े।

पूछताछ में दोनों ने अपने नाम नवनीत और रवि कुमार निवासी गांव सिहोरा बताए। पुलिस ने उनके कब्जे से देशी तमंचे, कारतूस और बाइक बरामद की है। दोनों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस मामले में आगे की कार्रवाई कर रही है।

# गांव में युवक को गोली मारने का आरोपी मुठभेड़ में घायल

## पुलिस ने तमंचा कारतूस और अपाचे बाइक की बरामद

**यूनिक समय, मथुरा।** गोवर्धन थाना क्षेत्र में गांव के युवक को गोली मारने के मामले में वांछित आरोपी पुलिस मुठभेड़ में घायल हो गया। गोवर्धन पुलिस और एसओजी टीम की गोवर्धन-बरसाना रोड पर भगौसा पुलिया के पास कच्चे रास्ते पर बाइक सवार से मुठभेड़ हो गई। पुलिस की जवाबी फायरिंग में आरोपी के पैर में गोली लगी। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। उसके कब्जे से देशी तमंचा, कारतूस और अपाचे मोटरसाइकिल बरामद की गई है।

पुलिस के अनुसार, एसओजी और गोवर्धन पुलिस की टीम संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान एक बाइक सवार आता दिखाई दिया। पुलिस ने उसे रुकने का इशारा किया तो वह बाइक लेकर दाहिनी ओर कच्चे रास्ते पर मुड़ गया। पुलिस टीम ने उसका पीछा किया। कुछ दूर आगे जाकर बाइक फिसलकर गिर गई। खुद को पुलिस से घिरा देख बाइक सवार ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में उसके पैर में गोली लग गई। पुलिस ने उसे घायल अवस्था में गिरफ्तार कर लिया।



मुठभेड़ में घायल आरोपित को ले जाते पुलिसकर्मी।

पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम क्षेत्रपाल पुत्र गोपाल, निवासी गांव महरौली, थाना गोवर्धन बताया। पुलिस के अनुसार, उसने स्वीकार किया कि नौ अक्टूबर को गांव के प्रमोद कुमार को गोली मार दी थी। इसी मामले में पकड़े जाने के डर से वह गांव से भाग रहा था। घायल आरोपी को प्राथमिक उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोवर्धन भेजा गया।




# दो कारों की रेसिंग ने ली वृद्ध की जान, एक घायल

## तेज रफ्तार में टकरा कर सड़क के दोनों ओर खेतों में घुसीं कारें

## पेड़ तोड़ते हुए चारपाई पर बैठे अंगद सिंह को रौंदा

**यूनिक समय, मथुरा।** राया-सादाबाद रोड पर गांव सारस के समीप दो कारों के बीच आगे निकलने की होड़ में बड़ा हादसा हो गया। तेज रफ्तार बोलेरो और स्विफ्ट कार आपस में टकराकर सड़क के दोनों ओर खेतों में जा घुसीं। एक कार ने पेड़ तोड़ते हुए खेत के पास चारपाई पर बैठे वृद्ध को रौंद दिया। हादसे में वृद्ध की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक अन्य व्यक्ति घायल हो गया। घटना के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई।

जानकारी के अनुसार, गांव सारस निवासी अंगद सिंह (65) सोमवार सुबह खेत के पास खोखे के समीप चारपाई पर बैठे थे। उनका बेटा खेत में काम कर रहा था। इसी दौरान एक ही परिवार के दो युवक बोलेरो और स्विफ्ट कार को एक-दूसरे से आगे निकालने के प्रयास में तेज रफ्तार से दौड़ा रहे थे। इसी दौरान दोनों कारें आपस में टकरा गईं। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों वाहन सड़क के दोनों ओर खेतों में जा घुसे। एक कार ने पेड़ को तोड़ते हुए चारपाई पर बैठे अंगद सिंह को अपनी चपेट में ले लिया। गंभीर चोट लगने से उनकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में मनोहरपुरा, भरतपुर गेट निवासी खलील घायल हो गए। दुर्घटना देखकर आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने घायल को अस्पताल में भर्ती कराया। वहीं, अंगद सिंह के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मामले में थाना राया में तहरीर दी गई है। पुलिस घटना की जांच कर रही है।

# डीजल भरवाकर बिना पैसे दिए भाग रहे तीन गिरफ्तार



पेट्रोल पंप से डीजल भरवाकर बिना पैसे दिए भागने के आरोप में पुलिस हिरासत में तीनों युवक।

## बिना सेल्समैन को 3800 रुपये देकर भागे थार दौड़ाई

**यूनिक समय, मथुरा।** थाना जैंत पुलिस ने पेट्रोल पंप से थार गाड़ी में डीजल भरवाकर बिना पैसे दिए भागने वाले तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने पेट्रोल पंप के सेल्समैन को 3800 रुपये नहीं दिए थे और गाड़ी लेकर फरार हो गए थे।

पुलिस के अनुसार, बीती रात अस्थायी नंबर की थार गाड़ी में सवार तीन लोगों ने एक पेट्रोल पंप से 3800 रुपये का डीजल भरवाया। इसके बाद वे सेल्समैन को पैसे दिए बिना गाड़ी लेकर भाग निकले। पेट्रोल पंप की ओर से शिकायत मिलने पर पुलिस ने गाड़ी का पीछा किया। पुलिस ने महेंद्र नगर कॉलोनी के अंदर जंगल की ओर जेसीआर फार्म के गेट के पास गाड़ी को पकड़ लिया और उसमें सवार तीनों लोगों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार आरोपियों की पहचान अनंत, निक्की और योगेश निवासी सहपुर जाटान, थाना मगोर्रा के रूप में हुई है।

**यूनिक समय**

स्वामी पवन गौतम के लिए राजकुमार गौतम द्वारा दैनिक यूनिक समय, 6 शंकर विहार, कृष्णा नगर मथुरा 281004 से प्रकाशित एवं बालाजी ऑफसेट प्रिंटिंग प्रेस कृष्णा नगर, मथुरा से मुद्रित।

**कार्यालय:-** यूनिक बिल्डिंग, 289-290 डायबिल नगर, कृष्णा नगर चौक, मथुरा।

संपादक-पवन गौतम

**फोन नंबर-0565-3550761**

**मो. 9837155888**

E-mail : uniquesamaynews@gmail.com

website : uniquesamay.com

RNI-UPHIN/2023/85053

DAVP-: 134220

डाक पंजीकृत संख्या मथुरा 071/2026-28

सभी विवादों का न्यायालय स्थान मथुरा होगा।

## कार की टक्कर से बुग्गी सवार महिला की मौत

**यूनिक समय, मथुरा।** थाना मगोर्रा क्षेत्र में जाजमपट्टी-ओल मार्ग पर तेज रफ्तार ईको कार ने भैंसा बुग्गी में पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में बुग्गी पर सवार महिला सड़क पर गिरकर गंभीर घायल हो गई और उसकी मौत हो गई।

बताया गया कि गांव पुरा निवासी तेजवीर सिंह की पत्नी गुड्डी देवी खेत से चारा लेकर भैंसा बुग्गी से घर लौट रही थीं। जाजमपट्टी-ओल मार्ग पर पीछे से तेज गति से आई ईको कार ने बुग्गी में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने से गुड्डी देवी सड़क पर गिर गईं और गंभीर चोट लगने से उनकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हादसे के बाद परिजनों में शोक छा गया।

## युवक के साथ मारपीट, चार लोगों पर मुकदमा दर्ज

**यूनिक समय, मथुरा।** थाना हाईवे क्षेत्र में कार में बैठे एक युवक के साथ मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर चार आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। रीना देवी निवासी बसंत वाटिका एटीवी के पीछे ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 10 अक्टूबर को दोपहर करीब दो बजे उनका पुत्र जय दयाल सिंह 18 वर्ष जयपुर देव में अपनी बलेनो कार में बैठा था। इसी दौरान अंकित, लवी पचौरी, गौरव गुर्जर और बंटू वहां पहुंचे। आरोप है कि चारों ने कार में बैठे उनके पुत्र के साथ मारपीट की तथा लात-घूंसों से हमला कर दिया, जिससे उसके चेहरे पर चोटें आईं। गौरव गुर्जर ने पेट पर लात मारकर हमला किया। आरोपियों ने लवी पचौरी के पैर छूने के लिए दबाव बनाया और ऐसा न करने पर जान से मारने की धमकी दी।



# कृष्णा नगर की सड़कों पर वाहनों का कब्जा, जाम से हांफता शहर



सड़क पर खड़े वाहनों की वजह से कृष्णानगर मार्ग पर लगा जाम।



कृष्णानगर के मुख्य मार्ग पर खड़ी कार।

**यूनिक समय, मथुरा।** शहर के प्रमुख बाजारों में शामिल कृष्णा नगर में सड़क पर बेतरतीब खड़े वाहन यातायात व्यवस्था के लिए मुसीबत बन रहे हैं। कृष्णा नगर चौराहे के आसपास दोनों ओर सड़क का आधे से अधिक हिस्सा वाहनों की पार्किंग की भेंट चढ़ रहा है। दुकानों के सामने और सड़क पर आड़े-तिरछे खड़े वाहनों के कारण आए दिन जाम की स्थिति बनती है।

कृष्णा नगर चौराहे से हाईवे की ओर जाने वाले मार्ग और भूतेश्वर तिराहे की ओर जाने वाली सड़क पर वाहन खड़े होने से यातायात प्रभावित होता है। सड़क का पर्याप्त हिस्सा वाहनों से घिर जाने के कारण दूसरे वाहनों को निकलने के लिए सीमित जगह मिल पाती है। इससे धीरे-धीरे वाहनों की

### हाईवे और भूतेश्वर तिराहे की ओर जाने वाले मार्ग पर आड़े-तिरछे खड़े होते हैं वाहन, त्योहारों में बढ़ सकती है परेशानी

### आधी से ज्यादा सड़क पर वाहनों का कब्जा, कृष्णा नगर बना जाम का केंद्र हब

कतार लगने लगती है और जाम का असर आसपास के क्षेत्रों तक पहुंच जाता है।

स्थिति यह है कि कभी कृष्णा नगर चौराहे पर जाम लग जाता है तो कभी गोवर्धन चौराहे पर वाहनों की रफ्तार थम जाती है। कई बार कृष्णा नगर बिजलीघर के आसपास भी जाम की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। इसका प्रमुख कारण सड़क किनारे और दुकानों के सामने अनियंत्रित तरीके से वाहनों का खड़ा होना है।

रविवार से नवरात्र की शुरुआत के साथ ही बाजारों में खरीदारी के लिए लोगों की आवाजाही बढ़ने लगी है। त्योहारों के चलते आने वाले दिनों में भी कृष्णा नगर बाजार में भीड़ बढ़ने की संभावना है।

ऐसे में यदि सड़क पर बेतरतीब पार्किंग पर रोक लगाने और यातायात व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए समय रहते कदम नहीं उठाए गए, तो त्योहारों के दौरान लोगों को जाम के झाम से जूझना पड़ सकता है।

### त्योहारी भीड़ से पार्किंग की समस्या

**यूनिक समय, मथुरा।** दशहरा और दीपावली में भी ज्यादा दिन नहीं रह गए हैं। इन त्योहारों के आसपास भी कृष्णा नगर बाजार में खरीदारी के लिए भीड़ उमड़ती है। ऐसे में लोग अपने वाहन बाजार के आसपास की गलियों में, स्थानीय निवासियों के घरों और दुकानों के सामने खड़े कर देते हैं। इससे लोगों को आवागमन में परेशानी होती है। घरों और दुकानों के सामने वाहन खड़े करने को लेकर कई बार विवाद की स्थिति भी बन जाती है।






## वार्ड 30 में सफाई और फॉगिंग पार्षद चंदन आहूजा ने की पहल

**यूनिक समय, मथुरा।** कृष्णा नगर में रामलीला आयोजन के दौरान वार्ड नंबर 30 में साफ-सफाई और मच्छरों से बचाव के लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं। पार्षद चंदन आहूजा की पहल पर क्षेत्र में पेड़ों की छंटाई कराई गई और मच्छरों से बचाव के लिए फॉगिंग भी कराई गई।

इसके साथ ही पार्षद चंदन आहूजा ने नगर आयुक्त और नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग को पत्र सौंपकर रामलीला स्थल सहित आसपास के क्षेत्रों में बेहतर सफाई व्यवस्था बनाए रखने और नियमित फॉगिंग कराने की मांग की है। पार्षद ने कहा कि रामलीला के दौरान क्षेत्र में श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों की आवाजाही बढ़ जाती है। ऐसे में साफ-सफाई और मच्छरों से बचाव के पर्याप्त इंतजाम जरूरी हैं।

विशेष सफाई अभियान और फॉगिंग का उद्देश्य रामलीला स्थल के आसपास स्वच्छ वातावरण बनाए रखना और श्रद्धालुओं को मच्छरों से होने वाली परेशानी से बचाना है।

उन्होंने संबंधित विभाग से आयोजन के दौरान सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने और नियमित रूप से फॉगिंग कराने का आग्रह किया, ताकि रामलीला में आने वाले श्रद्धालुओं को स्वच्छ और सुविधाजनक माहौल मिल सके।

## मथुरा में 489 नवचयनित होमगार्ड अभ्यर्थियों का होगा चिकित्सा परीक्षण

**यूनिक समय, मथुरा।** जनपद में नवचयनित होमगार्ड अभ्यर्थियों के चिकित्सा परीक्षण की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। कुल 489 नवचयनित पुरुष-महिला अभ्यर्थियों का चिकित्सा परीक्षण 12 से 22 अक्टूबर तक पुलिस लाइन में किया जाएगा।

जिला कमांडेंट होमगार्ड्स डॉ. शैलेन्द्र प्रताप सिंह ने तिथिवार कार्यक्रम निर्धारित किया है। इसमें 393 पुरुष और 96 महिला अभ्यर्थी शामिल हैं। जिला कमांडेंट के अनुसार, नवचयनित 393 पुरुष अभ्यर्थियों का चिकित्सा परीक्षण 12 से 17 अक्टूबर तक कराया जाएगा। इसके लिए प्रतिदिन अभ्यर्थियों की संख्या निर्धारित की गई है। 12 अक्टूबर को 75, 13 अक्टूबर को 75, 14 अक्टूबर को 75, 15 अक्टूबर को 70, 16 अक्टूबर को 70 और 17 अक्टूबर को 28 पुरुष अभ्यर्थियों का

### 12 से 22 अक्टूबर तक पुलिस लाइन में चलेगी प्रक्रिया, पुरुषों के बाद महिला अभ्यर्थियों की होगी जांच

चिकित्सा परीक्षण होगा। नवचयनित 96 महिला अभ्यर्थियों का चिकित्सा परीक्षण 21 और 22 अक्टूबर को किया जाएगा।

निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, 21 अक्टूबर को 60 महिला अभ्यर्थियों और 22 अक्टूबर को शेष 36 महिला अभ्यर्थियों का परीक्षण होगा। अंतिम दिन शेष रह गए पुरुष एवं महिला अभ्यर्थियों के चिकित्सा परीक्षण की भी व्यवस्था रहेगी। जिला कमांडेंट होमगार्ड्स ने सभी नवचयनित अभ्यर्थियों से कहा कि वे अपनी निर्धारित तिथि पर सुबह नौ बजे पुलिस लाइन में उपस्थित हों।

## वृंदावन में महिलाओं से मारपीट का आरोप सात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**यूनिक समय, वृंदावन।** गौरानगर कॉलोनी में महिला और उसकी मां के साथ मारपीट करने, जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़िता प्रिया यादव की शिकायत पर पुलिस ने सात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्रिया यादव निवासी गौरानगर कॉलोनी ने पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया कि उनके पड़ोसी पवन गोस्वामी और उनकी पत्नी मौसमी गोस्वामी उनसे रंजिश रखते हैं। आरोप है कि इसको लेकर पहले भी विवाद होता रहा है और उन्हें आपत्तिजनक संदेश भेजे जाते थे। शिकायत के अनुसार, सात अक्टूबर की रात पवन गोस्वामी उनके घर पहुंचे और दरवाजा खुलवाकर अंदर घुस आए। आरोप है कि उन्होंने गाली-गलौज करते हुए प्रिया का गला दबाया। शोर सुनकर मौसमी गोस्वामी, रमा गोस्वामी, रेखा गोस्वामी, देव गोस्वामी, गोपाल बनर्जी और सौर्य चौधरी भी वहां पहुंच गए। पीड़िता ने आरोप लगाया कि इन लोगों ने उनके और उनकी मां के साथ लात-घूंसों, थप्पड़ों से मारपीट की। रेखा गोस्वामी पर लोहे की रॉड से हमला करने का भी आरोप लगाया गया है। प्रिया ने परिवार को धमकाने और मकान पर कब्जा करने की धमकी मिलने की बात भी शिकायत में कही है।

## वासुदेव नगर में युवक के साथ मारपीट, तीन लोगों पर आरोप

**यूनिक समय, मथुरा।** थाना हाईवे क्षेत्र के वासुदेव नगर नवादा चौराहा पर एक युवक के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। विष्णु ने पुलिस को दी शिकायत में तीन लोगों पर मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। 10 अक्टूबर की शाम करीब विष्णु अपने घर से सब्जी लेने चौराहे पर गया था। इसी दौरान संदीप, देवीलाल सिंह और भोजपाल ने कथित तौर पर उसके साथ गाली-गलौज करते हुए थप्पड़ मारे। आरोप है कि उसे सड़क पर धक्का देकर गिरा दिया, जिससे उसके सिर में चोट लग गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### छाता में युवक गिरफ्तार, तमंचे और कारतूस बरामद

**यूनिक समय, मथुरा।** छाता थाना पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक युवक को अवैध हथियार और कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस नौ अक्टूबर की रात छाता-तरौली रोड पर श्याम नगर के गश्त पर थी। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिलने पर पुलिस ने बताए गए स्थान पर पहुंचकर संदिग्ध युवक को पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम विष्णु बताया। वह ग्राम तेतरपाड़ा थाना छाता का निवासी बताया गया है। तलाशी के दौरान युवक के पास से तीन जिंदा कारतूस 315 बोर और एक जिंदा कारतूस 12 बोर बरामद हुए।

### मारपीट में पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**यूनिक समय, मथुरा।** गोवर्धन थाना क्षेत्र के जतीपुरा गांव में मारपीट का मामला सामने आया है। मामले में मुकेश निवासी जतीपुरा ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि सात अक्टूबर की रात उनके पिता चन्दन सिंह अपने घर पर आराम कर रहे थे। इसी दौरान कुछ लोग मोटरसाइकिल से उनके घर के सामने तेजी से गुजर रहे थे। आरोप है कि इस दौरान उनके पिता ने उन्हें तेज रफ्तार से वाहन चलाने से मना किया। इसी बात को लेकर विवाद बढ़ गया। आरोपित अपने परिजनों के साथ घर की छत पर पहुंच गए और ईंट–पत्थरों तथा लाठी–डंडों से मारपीट की। इसमें चन्दन सिंह को गंभीर चोटें आईं है। शिकायत में विजेन्द्र, सतेंद्र सिंह, कन्हैया, पुष्पेंद्र और बन्नो के नाम शामिल हैं।

### अवैध कब्जे के आरोप में दो लोगों के खिलाफ मुकदमा

**यूनिक समय,मथुरा।** बल्देव थाना क्षेत्र में जमीन पर अवैध कब्जा करने के आरोप में पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। मामले में कन्हैया लाल लेखपाल ने पुलिस को लिखित शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की है। प्राथमिकी के अनुसार, मामला मौजा नेरा, बांगर क्षेत्र की जमीन से संबंधित है। आरोप है कि प्रेमदत्त और श्यामबाबू ने उक्त जमीन पर अवैध रूप से कब्जा कर लिया। शिकायतकर्ता ने मामले की जांच कर नियमानुसार कार्रवाई किए जाने का अनुरोध किया है। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, इस मामले में 10 अक्टूबर को बल्देव थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई। पुलिस मामले से जुड़े तथ्यों की जांच करेगी। शिकायत में लगाए गए आरोपों की पुष्टि जांच के बाद ही हो सकेगी।

## देवी आराधना में नगर पंचायत का अड़ंगा, श्रद्धालु परेशान

### नवरात्र में मंदिर का सौंदर्यीकरण काम दे रहा है परेशानी

### परिसर में वाहनों का जमावड़ा, नाली में भरा है गंदा पानी



पथवारी माता मंदिर के गेट पर खड़ा ट्रैक्टर, जिससे श्रद्धालु परेशान होते रहे।

**यूनिक समय, फरह।** नवरात्र में चल रहा पथवारी माता मंदिर का सौंदर्यीकरण से जुड़ा काम श्रद्धालुओं को परेशानी दे रहा है। मंदिर परिसर में मलबा ढोने को लगाया ट्रैक्टर महिलाओं की पूजा में खलनायक बन रहा है। नाली का गंदा पानी महिलाओं के कपड़े खराब कर रहा है। ऐसे हालात होने के बाद भी स्वच्छता के नाम पर 155 घंटों का सफाई से जुड़ा रिकार्ड बनाने वाले जिम्मेदार मुंह बंद किए बैठे हैं। इन दिनों पथवारी माता मंदिर का सौंदर्यीकरण से जुड़ा काम सरकारी धन से हो रहा है। नवरात्र से चंद दिन पहले मंदिर के ढांचे को तोड़ दिया गया है, जो अब नवरात्र के दौरान महिला श्रद्धालुओं के लिए परेशानी का सबब बन रहा है। रविवार को महिला श्रद्धालु माता रानी के मंदिर में पूजा को पहुची तो गेट पर ट्रैक्टर प्रवेशा को बाधित करता रहा। ऐसे- तैसे अंदर पहुंची, जहां मलबा पूजा में खलनायक की भूमिका अदा करता दिखा।

### स्वच्छता के दावों पर सवाल

कस्बा में 155 घंटों का सफाई अभियान चला, नगर पंचायत की ओार से कई फोटो इंटरनेट मीडिया पर शेयर किए गए। चमचमाते कुर्ते पहने वाले स्वच्छता का यशोगान करते नजर आए। अब पथवारी मंदिर के सामने बना नाला कई साल से मलबा से भरा है, जिससे नाली का पानी ऊपर तक भरने से वाहनों के साथ खंरजे पर फैलता है, जिससे कपड़े खराब होते हैं, लेकिन कागजों में नाला साफ करने का काम करने वालों को यह समस्या नहीं दिखती है। परिसर में खड़े वाहन भी सावन के अंधों को नहीं दिखते, जो समस्या बन गए हैं।

# महाराजा अग्रसेन के आदर्श आज भी समाज को नई दिशा देने में सक्षम: नारायण दास

## वृंदावन में धूमधाम से मनाई गई महाराजा अग्रसेन की 5150वीं जयंती



वृंदावन में महाराजा अग्रसेन की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते जीएलए विश्वविद्यालय के कुलाधिपति नारायण दास अग्रवाल। साथ हैं रामकिशन अग्रवाल, गिरीश सर्राफ, लक्षण सर्राफ।

**यूनिक समय, वृंदावन।** अग्रवाल सेवा समिति द्वारा महाराजा अग्रसेन की 5150वीं जयंती अग्र वाटिका में धूमधाम से मनाई गई। शुभारंभ महाराजा अग्रसेन के पूजन-अर्चन के साथ हुआ। उपस्थित लोगों ने महाराजा अग्रसेन के आदर्शों को याद करते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर जीएलए विश्वविद्यालय के कुलाधिपति नारायण दास अग्रवाल ने महाराजा अग्रसेन के जीवन, विचारों और समाज के प्रति उनके योगदान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि महाराजा अग्रसेन केवल एक महान राजा ही नहीं, बल्कि सामाजिक समानता, सहयोग, उद्यमशीलता और जनकल्याण के प्रेरणास्रोत भी थे। उनके आदर्श आज भी समाज को एक नई दिशा देने की क्षमता रखते हैं। उन्होंने कहा कि महाराजा अग्रसेन ने समाज में समानता और परस्पर सहयोग की जो भावना स्थापित की, वह आज भी उतनी ही प्रासंगिक है। समाज की वास्तविक शक्ति उसकी एकजुटता, संस्कारों और एक-दूसरे के प्रति सहयोग की भावना में निहित है। जब समाज के लोग व्यक्तिगत हितों से ऊपर उठकर सामूहिक विकास के लिए कार्य करते हैं, तभी मजबूत और समृद्ध समाज का निर्माण होता है। उन्होंने कहा कि अग्रवाल समाज ने व्यापार, शिक्षा, सेवा और राष्ट्र निर्माण के विभिन्न क्षेत्रों में अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है। इस पहचान को आगे बढ़ाने के लिए नई पीढ़ी को महाराजा अग्रसेन के आदर्शों से जोड़ना आवश्यक है।

कार्यक्रम में समिति के अध्यक्ष गिरीश सर्राफ, सचिव गौरव अग्रवाल और कोषाध्यक्ष आयुष अग्रवाल सहित समाज के अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। इस मौके पर रामकिशन बसेरा, लक्ष्मण सर्राफ, राकेश पेड़ा वाले, भीम चक्की वाले, रोहित अग्रवाल, अनूप बजाज, विवेक सर्राफ, सुनील पेंट वाले, विनीत अग्रवाल, विकास अग्रवाल, गौरव अग्रवाल तेल वाले, पिंकी टेंट वाले, मनोज दाल वाले, पंकज टाल वाले, मनीष अग्रवाल और अंशु बजाज सहित अन्य लोग मौजूद रहे।




उठावनी

स्व: श्रीमती रामवती देवी

अत्यंत दुख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि हमारी पूज्यनीय माताजी श्रीमती रामवती देवी पत्नी स्व. रज्जोमल कागजी का गोलोकवास दिनांक 10.10.2026 को हो गया है। जिनकी उठावनी 12.10.2026 दिन सोमवार को महिलाओं एवं पुरुषों की दोपहर 1 से 2 बजे तक अग्रवाटिका मसानी बाईपास रोड़, मथुरा पर होगी।

शोकाकुल

सीए शशांक बंसल-परल बंसल
यश बंसल, सजल बंसल, नमन बंसल (पौत्र)
गुंजन-सीए शुभम गोयल
आयुषी-दर्शन (पौत्री-पौत्रीदामाद)
गरिमा, श्वेता (पौत्री)
प्राणविक, श्रवि (पड धेवते-धेवती)
आरना बंसल (पंतनी)

संजय अग्रवाल-सुषमा अग्रवाल, अजय अग्रवाल
योगेश कुमार बंसल (कागजी)-अंजना अग्रवाल
मनोज बंसल (कागजी)-पूनम बंसल (पुत्र-पुत्रवधू)
लता अग्रवाल-अजय अग्रवाल (पुत्री-पुत्रीदामाद)
राधिका-शुभम पटवारी
नंदिका-दिव्यम सर्राफ
हर्षित (धेवते-धेवती)

एवं समस्त कागजी परिवार।

प्रतिष्ठान

- दाऊदयाल रज्जोमल कागजी, मथुरा
- डी. आर. टैक्सटाइल्स, मथुरा
- गोयल एजेंसी, आगरा
- नमन ऑर्नामेंट, मथुरा

मायका पक्ष:- ब्रज मोहन सिंघल, लक्ष्मी नारायण सिंघल (बरौली वाले, मथुरा)


# गोविंद कुंड पर 251 अभ्यर्थियों और स्वयंसेवकों ने की स्वच्छता सेवा



ब्रज वैभव अभियान में स्वयंसेवक, अभ्यर्थी स्वच्छता का अभियान चलाते हुए।

## ब्रज वैभव अभियान' के तहत दिया स्वच्छ ब्रज दिव्य ब्रज का संदेश

**यूनिक समय, मथुरा।** ब्रज की धार्मिक विरासत और प्राकृतिक सुंदरता को स्वच्छ एवं संरक्षित रखने के लिए रविवार को गोवर्धन स्थित गोविंद कुंड पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। 'ब्रज वैभव अभियान' के अंतर्गत आयोजित इस स्वच्छता सेवा में अभ्यासी और स्वयंसेवकों ने भाग लेकर साफ-सफाई की, लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया।

उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद, जिला प्रशासन, नगर निगम और हार्टफुलनेस के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित अभियान के दौरान स्वयंसेवकों ने गोविंद कुंड और उसके आसपास के क्षेत्र की सफाई की। इस दौरान स्वयंसेवकों ने 'स्वच्छ ब्रज, दिव्य ब्रज, हमारा ब्रज' और 'हम सबने यह ठाना है, ब्रज को स्वच्छ बनाना है' जैसे नारों के माध्यम से स्वच्छता का संदेश दिया। इस मौके पर मथुरा, आगरा, अलीगढ़, गाजियाबाद, मेरठ, गुरुग्राम, भरतपुर, डीग, इगलास, कान्हा, खैर, हाथरस, टप्पल, सरसा, जयपुर, कोटा, सवाई माधोपुर, भोपाल और हैदराबाद सहित विभिन्न केंद्रों से आए अभ्यासी और स्वयंसेवक शामिल हुए।

# बिना सुरक्षा गार्ड के चल रहे एटीएम उपभोक्ताओं की सुरक्षा पर सवाल

## डेम्पियर नगर में पासबुक फंसने से परेशान हुआ ग्राहक, मदद के लिए नहीं मिला कोई




बिना सुरक्षा गार्ड संचालित एटीएम।

**यूनिक समय, मथुरा।** जिले में अधिकतर एटीएम केंद्रों पर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सवाल उठ रहे हैं। कहीं रुपये निकालने के लिए ग्राहक पहुंचते हैं तो कहीं पासबुक में लेनदेन की जानकारी दर्ज कराने के लिए, लेकिन कई स्थानों पर सुरक्षा गार्ड नजर नहीं आते। ऐसे में एटीएम का इस्तेमाल करने वाले उपभोक्ताओं को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सुरक्षा व्यवस्था के अभाव में लोगों की चिंता भी बढ़ रही है।

डेम्पियर नगर स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा के एटीएम केंद्र पर एक उपभोक्ता पासबुक में लेनदेन की जानकारी दर्ज कराने पहुंचा। उसने जैसे ही पासबुक मशीन में डाली, वह अंदर चली गई और बाहर नहीं निकली। ग्राहक ने काफी देर तक इंतजार किया, लेकिन पासबुक वापस नहीं मिली। परेशान उपभोक्ता को मौके पर कोई सुरक्षा गार्ड भी दिखाई नहीं दिया, जिससे उसे तत्काल सहायता नहीं मिल सकी। एटीएम में तकनीकी खराबी आने या पासबुक फंसने जैसी स्थिति में उपभोक्ता को सहायता की जरूरत होती है। लेकिन जब केंद्र पर कोई जिम्मेदार कर्मचारी या सुरक्षा गार्ड मौजूद नहीं दिखता, तो ग्राहक को समझ नहीं आता कि वह अपनी समस्या किसे बताए। ऐसी स्थिति में लोगों का समय भी बर्बाद होता है और जरूरी काम अटक जाते हैं। एटीएम केंद्रों पर सुरक्षा और सहायता की उचित व्यवस्था होना जरूरी है। उपभोक्ताओं का कहना है कि संबंधित बैंकों को अपने एटीएम की नियमित निगरानी करनी चाहिए और शिकायत दर्ज कराने के लिए स्पष्ट जानकारी उपलब्ध करानी चाहिए। सुरक्षा व्यवस्था में लापरवाही से लोगों की चिंता बढ़ सकती है।




शोक संदेश

स्व0 श्रीमती रामवती देवी

हमारे प्रिय योगेश अग्रवाल (कागजी) की पूज्यनीय माताजी श्रीमती रामवती देवी जी के गोलोकवास पर हम सभी शोक संवेदना प्रकट करते हैं एवं ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि उनकी दिव्यात्मा को प्रभु अपने श्री चरणों में स्थान दें एवं शोकाकुल परिवार को धैर्य प्रदान करें।

प्रमिल गर्ग कसेरे सुरेन्द्र खण्डेलवाल
ललित खण्डेलवाल, भुवन खण्डेलवाल, वृन्दावन


# घुटने की बीमारियों का निदान करेंगे डॉ. सिद्धार्थ धनगर

**यूनिक समय, मथुरा।** महर्षि दयानंद सरस्वती जिला चिकित्सालय के डॉ. सिद्धार्थ धनगर ने चिकित्सा क्षेत्र में एक और उपलब्धि हासिल की है। उन्हें घुटने की बीमारियों के निदान और उपचार की आधुनिक रणनीतियों से संबंधित उन्नत प्रशिक्षण पाठ्यक्रम सफलतापूर्वक पूरा करने पर प्रमाणपत्र प्रदान किया गया है। यह प्रशिक्षण क्लिरनेट संस्था द्वारा आयोजित किया गया। डॉ.धनगर ने घुटने से जुड़ी समस्याओं की पहचान, उनके निदान और उपचार के तरीकों के बारे में अपने ज्ञान प्राप्त किया है। डॉ. धनगर ने इस शैक्षणिक अवसर के लिए संस्था की टीम का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि चिकित्सा क्षेत्र में निरंतर अध्ययन और नई चिकित्सा पद्धतियों की जानकारी रखना आवश्यक है। इससे मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें।

# एएसएम कॉलेज में फ्रेशर पार्टी, नरेश और चिंकी बने मिस्टर-मिस फ्रेशर




मिस्टर और मिस फ्रेशर को पुरस्कार देते ए.एस.एम. महाविद्यालय में मनोज बंसल मंत्री श्री अग्रवाल शिक्षा मंडल (रजि.), गौरव अग्रवाल अध्यक्ष, ए.एस.एम. महाविद्यालय, इंजीनियर रोहित अग्रवाल चौकसी मंत्री, ए.एस.एम. महाविद्यालय और अन्य।

## विश्वविद्यालय परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थी सम्मानित

**यूनिक समय, मथुरा।** एएसएम महाविद्यालय में नए विद्यार्थियों के स्वागत में फ्रेशर पार्टी 2026 का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, नृत्य और विभिन्न गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लेकर प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को शैक्षणिक पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

श्री अग्रवाल शिक्षा मंडल (रजि.), मथुरा के मंत्री मनोज बंसल, महाविद्यालय अध्यक्ष गौरव अग्रवाल (एडवोकेट) और महाविद्यालय मंत्री इंजीनियर रोहित अग्रवाल चौकसी की विशेष उपस्थिति रही। इंजीनियर देवेंद्र अग्रवाल, तुषार अग्रवाल, विवेक गर्ग और डॉ. प्रवीण गोयल सहित डायरेक्टर गोधूली और अन्य अतिथियों ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया।

प्रतियोगिता में बीएससी प्रथम वर्ष के नरेश को मिस्टर फ्रेशर 2026 और चिंकी को मिस फ्रेशर 2026 चुना गया। विभिन्न चरणों में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी प्रतिभा और आत्मविश्वास का परिचय दिया। अतिथियों ने विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों और उपलब्धियों की सराहना करते हुए उन्हें शिक्षा के साथ अन्य क्षेत्रों में भी आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का समापन उत्साहपूर्ण माहौल में हुआ।

# जयपुर भ्रमण में विद्यार्थियों ने जाना इतिहास, विज्ञान और संस्कृति



शैक्षिक भ्रमण के दौरान जयपुर में मौजूद ज्ञानदीप के विद्यार्थी।

## ज्ञानदीप के 90 विद्यार्थियों ने ऐतिहासिक धरोहरों का किया अवलोकन

## जंतर-मंतर, हवा महल आमेर किले और चोखी ढाणी पहुंचे विद्यार्थी

**यूनिक समय, मथुरा।** ज्ञानदीप शिक्षा भारती की वर्ष 1969 से संचालित 'भ्रमण द्वारा ज्ञान दर्शन' योजना के अंतर्गत 90 छात्र-छात्राओं और शिक्षक-शिक्षिकाओं ने आठ और नौ अक्टूबर को दो दिवसीय जयपुर शैक्षिक भ्रमण किया। विद्यार्थियों ने राजस्थान के गौरवशाली इतिहास, स्थापत्य कला, विज्ञान और लोक संस्कृति को करीब से जाना।

भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने जंतर-मंतर में खगोलीय यंत्रों की कार्यप्रणाली और वैज्ञानिक महत्व की जानकारी प्राप्त की। इसके बाद हवा महल और आमेर किले का अवलोकन कर ऐतिहासिक विरासत, वास्तुकला और राजस्थानी शौर्य की गाथाओं को जाना। नाहरगढ़ प्राणी उद्यान में वन्यजीवों के बारे में जानकारी ली, जल महल के मनोहारी दृश्य का आनंद उठाया।

यात्रा का विशेष आकर्षण चोखी ढाणी रहा, जहां विद्यार्थियों ने राजस्थानी जीवनशैली, लोक कलाओं, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और पारंपरिक व्यंजनों का अनुभव किया।

इस शैक्षिक भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों को पुस्तकीय ज्ञान से आगे प्रत्यक्ष अनुभव प्रदान करना था। यात्रा से उनमें ज्ञान, जिज्ञासा, अनुशासन, सहयोग और आत्मनिर्भरता की भावना को प्रोत्साहन मिला। विद्यालय के संस्थापक सचिव पद्मश्री मोहन स्वरूप भाटिया के मार्गदर्शन में आयोजित यात्रा के संयोजक अक्ष भाटिया रहे। मथुरा लौटने पर मोहन स्वरूप भाटिया ने यात्रा दल का स्वागत किया।

# अग्रसेन जयंती पर गूंजे जयकारे शोभायात्राओं में उमड़ा समाज


अग्रसेन शोभायात्रा में शामिल झांकी के दौरान शिव स्वरूप में शामिल कलाकार।


बल्देव कस्बा में निकाली गई शोभायात्रा में शामिल राजकुमार।


अग्रसेन जयंती पर निकाली गई शोभायात्रा में शामिल कलश के साथ अग्र महिलाएं।


शेरगढ़ में महाराजा अग्रसेन का पूजन करते पूर्व मंत्री रविकांत गर्ग, कोसी चेयरमैन धर्मवीर अग्रवाल आदि।

**यूनिक समय, मथुरा।** महाराजा अग्रसेन जयंती पर जिले के बल्देव, कोसीकलां और शेरगढ़ में विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। कहीं आकर्षक झांकियों और राजकुमारों के साथ शोभायात्रा निकाली गई, तो कहीं महिलाओं ने मंगल कलश धारण कर नगर भ्रमण किया। पूजन, प्रभात फेरी, ध्वजारोहण और प्रतिमा अनावरण के आयोजनों में अग्रवाल समाज के लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। तीनों कस्बों में महाराजा अग्रसेन के जयकारे गूंजते रहे। बलदेव में महाराजा अग्रसेन जयंती के उपलक्ष्य में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। इसमें 15 आकर्षक झांकियां और 18 राजकुमार शामिल रहे। शिव स्वरूप में सजे कलाकार सहित विभिन्न झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। विधायक पूरन प्रकाश और भाकियू (अनाज) के प्रदेश सचिव सोनू सिकरवार ने सहभागिता की। नगर पंचायत अध्यक्ष डॉ. मुरारीलाल अग्रवाल, तरुण गोयल, शुभम अग्रवाल,

## बलदेव में 15 झांकियों और 18 राजकुमारों संग निकली शोभायात्रा

## कोसीकलां में महिलाओं की कलश यात्रा, पूजन और प्रभात फेरी के आयोजन

## शेरगढ़ में प्रतिमा का अनावरण, चार निर्माण कार्यों का लोकार्पण

निशांत, सुदीप बंसल, विकास और राहुल सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे। शोभायात्रा में बड़ी संख्या में लोगों की भागीदारी से कस्बे में उत्सव का माहौल रहा।

कोसीकलां के रामनगर स्थित काली मंदिर से बैंड-बाजों के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली गई। सैकड़ों महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में मंगल कलश धारण कर शामिल हुईं। मुख्य अतिथि दिलीप अग्रवाल, तुषार अग्रवाल और सक्षम अग्रवाल बांसईया ने पूजन कर यात्रा का शुभारंभ किया। मुख्य बाजारों से होती हुई यात्रा अग्रसेन चौक पहुंची, जहां अग्र बंधुओं ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। अग्रवाल सभा के पूर्व अध्यक्ष वेद प्रकाश गोयल, बॉबी गोयल, कमलेश गोयल, सुनील गोयल, निकुंज गोयल और रजत गोयल ने जलपान की व्यवस्था की। अग्रवाल धर्मशाला, सरायशाही से सुबह पांच बजे प्रभात फेरी निकाली गई। सुबह नौ बजे भगवान सत्यनारायण की कथा हुई और दस बजे अग्रवाल सभा के अध्यक्ष संजीव अग्रवाल ने ध्वजारोहण किया। इसके बाद शहनाई की मधुर धुन के बीच मुख्य अतिथि त्रिलोक चंद और नीरज शेरगढ़िया ने दीप प्रज्ज्वलित कर महाराजा अग्रसेन की प्रतिमा का पूजन किया। त्रिलोक चंद शेरगढ़िया ने कहा कि महाराजा अग्रसेन केवल राजा नहीं, बल्कि समाज को दिशा देने वाले विचार थे।

कार्यक्रम में वेदप्रकाश गोयल उर्फ वेदी, डॉ. अमन गोयल, डॉ. मुकुल गोयल, डॉ. अनुराग, नवल अग्रवाल, भगवत प्रसाद अग्रवाल, डॉ. नरेश मंगला, गोपाल अग्रवाल, ब्रजभूषण, ललित अग्रवाल, अजय मंगला, गोविंद प्रसाद, कालूराम गर्ग, अमित अग्रवाल उर्फ मोना सर्राफ, नरेश अग्रवाल, गिरीश अग्रवाल, सचिन अग्रवाल, मनीष अग्रवाल, अजय गोयंका, देशबंधु अग्रवाल, कैलाशचंद, पिंटू डॉक्टर, प्रकाश आर्य, गोविंद अग्रवाल, मुरारी लाल अग्रवाल, नीरज अग्रवाल, प्रवेश गोयल, दयाशंकर अग्रवाल, नवीन अग्रवाल, सोनू मंगला, अनिल गोयल और सोनू गोयल (पत्रकार) सहित सैकड़ों अग्रबंधु मौजूद रहे।

शेरगढ़ में श्री महाराजा अग्रसेन सेवा समिति की ओर से प्रतिमा का अनावरण किया गया। श्री गोपीनाथ मंदिर से बैंड–बाजे के साथ प्रतिमा को शोभायात्रा के रूप में अग्रसेन सेवा सदन लाया गया। पूर्व राज्यमंत्री रविकांत गर्ग और कोसीकलां नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष धर्मवीर अग्रवाल ने प्रतिमा का अनावरण किया।

सेवा सदन के सामने के प्रांगण में इंटरलॉकिंग का निर्माण विधायक राजेश चौधरी ने कराया, जिसका लोकार्पण उनकी पत्नी सुमन चौधरी ने किया। अंदरूनी प्रांगण में इंटरलॉकिंग का निर्माण प्रधान महेश नीरज ने कराया और लोकार्पण भी किया। सेवा सदन के मुख्य द्वार का निर्माण मनोज अग्रवाल और राकेश अग्रवाल ने अपने पिता स्व. लाला खेमचंद अग्रवाल की स्मृति में कराया। इसका लोकार्पण पूर्व प्रधान अनिल अग्रवाल और दिल्ली के चार्टर्ड अकाउंटेंट प्रवीण मंगल ने किया। दूसरे द्वार का निर्माण शेरगढ़ व्यापार मंडल के अध्यक्ष श्याम सुंदर गोयल ने कराया, जिसका लोकार्पण बीएचके स्कूल के प्रबंधक भगवान हरि गोयल ने किया। कार्यक्रम में अग्रवाल समाज के लोग, समिति के पदाधिकारी, महिलाएं और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देने वाले बच्चे शामिल हुए।

# सीता जन्म की झांकी सजी ताड़का वध देख झूमे दर्शक


शोभायात्रा में भगवान राम और भाइयों के स्वरूपों के साथ पदाधिकारी।

**यूनिक समय, कोसीकलां।** नगर की ऐतिहासिक रामलीला में रविवार रात सीता जन्म एवं ताड़का वध लीला का भव्य मंचन किया गया। इससे पूर्व राम जन्म की सवारी की आरती मुख्य अतिथि अनिल प्रधान ने की। सीता जन्म व ताडका वध लीला का शुभारंभ भगवत प्रसाद ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। लीला की शुरुआत राजा जनक के दरबार में ऋषियों द्वारा सीता जन्म की भविष्यवाणी से हुई। जैसे ही मंच पर सीता जन्म की अलौकिक झांकी प्रस्तुत की गई, पूरा पंडाल जय सियाराम के जयकारों से गूंज उठा। दर्शकों ने फूल बरसाकर माता सीता का स्वागत किया। इसके बाद ताड़का वध की लीला ने दर्शकों को रोमांचित कर दिया। ऋषि विश्वामित्र की यज्ञ में विघ्न डालने वाली राक्षसी ताड़का का वध करने के लिए राम और लक्ष्मण का आगमन होता है। राम–लक्ष्मण और ताड़का के बीच हुए युद्ध के दृश्य को

## अधर्म पर धर्म की पहली विजय

कलाकारों ने इतनी जीवंतता से प्रस्तुत किया कि दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए। अंत में भगवान श्रीराम द्वारा ताड़का का वध करते ही पंडाल में तालियों की गड़गड़ाहट गूंज उठी। इस अवसर पर मुख्य अतिथि अनिल प्रधान ने कहा कि रामलीला जैसे आयोजन हमारी संस्कृति और सनातन परंपरा को जीवित रखते हैं। उन्होंने रामलीला कमेटी के प्रयासों की सराहना की और कलाकारों को सम्मानित किया। इस मौके पर रामलीला संस्थान के समन्वयक राहुल जैन कामिया, संयोजक खगेंद्र सिंह बॉबी ठाकुर, अध्यक्ष गिर्राज चौधरी, मंत्री हैप्पी गर्ग, प्रचार मंत्री प्रिंस वर्मा, मनीष गुप्ता गुड वाले, सोनू हलवाई, नवल भगतजी सहित संस्थान के सभी पदाधिकारी और नगर के गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# शारदीय नवरात्रि के पहले दिन देवी मंदिरों में उमड़ा आस्था का सैलाब

**यूनिक समय, कोसीकलां।** शारदीय नवरात्र के पहले दिन रविवार को नगर के सभी देवी मंदिरों में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। सुबह तड़के चार बजे से ही मंदिरों के बाहर माता के भक्तों की लंबी–लंबी कतारें लग गईं। पूरा नगर जय माता दी के जयकारों से गूंज उठा। नवरात्रि के प्रथम दिन मां दुर्गा के प्रथम स्वरूप मां शैलपुत्री की पूजा-अर्चना की गई। नगर के प्रसिद्ध मां भगवती मंदिर, मां पथवारी देवी मंदिर, कैला देवी मंदिर आदि मंदिरों में सुबह से ही भक्तों का तांता लगा रहा। मंदिरों को रंग–बिरंगे फूलों और लाइटों से भव्य रूप से सजाया गया था। महिलाएं, पुरुष, बच्चे सभी हाथों में नारियल, चुनरी, फूल–माला लेकर माता के दर्शन के लिए कतारों में खड़े नजर आए। कई भक्तों ने पहले दिन का व्रत रखकर माता की ज्योति के दर्शन किए। मंदिरों में ढोल–नगाड़ों और भजनों की धुन पर भक्त झूमते हुए दिखाई दिए। भीड़ को देखते हुए मंदिर समितियों और पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए थे। देवी मंदिरों के बाहर महिला पुलिसकर्मियों की भी तैनाती की गई थी, ताकि महिला श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

रन्छौर मंदिर के पुजारी छिद्दा पंडित के अनुसार, इस बार शारदीय नवरात्रि में मां दुर्गा हाथी पर सवार होकर आई हैं, जो अत्यंत शुभ संकेत है। नौ दिनों तक चलने वाले इस महापर्व में नगर के सभी मंदिरों में विशेष पूजा, दुर्गा सप्तशती पाठ और भंडारों का आयोजन किया जाएगा।

# घंटाघर चौराहे पर हुई चाकूबाजी के आरोपी फरार, पुलिस के हाथ खाली

**यूनिक समय, कोसीकलां।** नगर के हृदय स्थल घंटाघर चौराहे पर हुई सनसनीखेज चाकूबाजी की घटना के 36 घंटे बाद भी पुलिस के हाथ खाली हैं। चाकूबाजी करने वाले आरोपी अभी तक पुलिस की पकड़ से बाहर हैं और फरार बताए जा रहे हैं। जिससे पुलिस की कार्यशैली पर सवाल खड़े हो रहे हैं। गौरतलब है कि शुक्रवार रात मामूली कहासुनी के बाद दो पक्षों में चाकू चल गए थे, जिसमें एक युवक घायल हो गया था। घटना के बाद दोनों पक्ष मौके से फरार हो गए थे।

पुलिस का कहना है कि घायल युवक और आरोपियों की तलाश की जा रही है। लेकिन सीसीटीवी कैमरे टूटे होने और कोई लिखित तहरीर न आने का हवाला देकर पुलिस कार्रवाई में ढिलाई बरत रही है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि मुख्य चौराहे जैसी व्यस्त जगह पर हुई इस वारदात के बाद भी पुलिस ने गश्त नहीं बढ़ाई है।

घटना के बाद से ही घंटाघर बाजार के व्यापारियों में दहशत का माहौल है। व्यापारी नेता अंकित मालविया ने मांग की है कि जल्द से जल्द आरोपियों को गिरफ्तार कर बाजार में सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता की जाए। फिलहाल पुलिस मामले में जांच की बात कह रही है, लेकिन आरोपियों की गिरफ्तारी न होने से नगर में तरह-तरह की चर्चाएं हैं।

# महामंडलेश्वर से 10 लाख की रंगदारी, जान से मारने की धमकी

**यूनिक समय, मथुरा।** थाना जैंत क्षेत्र के गांव तेहरा स्थित श्री पंचायती अखाड़ा महानिर्वाणी के महामंडलेश्वर स्वामी देवस्वरूपानंद सरस्वती से व्हाट्सएप कॉल के जरिए 10 लाख रुपये की रंगदारी मांगने और रुपये न देने पर जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। आरोपी ने कथित तौर पर सिटी मजिस्ट्रेट का नाम लेकर चौथ मांगी। महामंडलेश्वर ने थाना जैंत में लिखित शिकायत देकर सुरक्षा की गुहार लगाई है।

महामंडलेश्वर के अनुसार, शनिवार को उनके मोबाइल पर एक अज्ञात नंबर से व्हाट्सएप कॉल आई। कॉल करने वाले ने 10 लाख रुपये की मांग की और रुपये नहीं देने पर जान से मारने की धमकी दी। आरोप है कि इस दौरान

## सिटी मजिस्ट्रेट का नाम लेकर मांगी चौथ पुलिस जांच में जुटी

फोन करने वाले ने अभद्र भाषा का भी इस्तेमाल किया।

स्वामी देवस्वरूपानंद ने यह भी आरोप लगाया कि कॉल करने वाले ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रति अमर्यादित भाषा का प्रयोग किया। मामले की गंभीरता को देखते हुए उन्होंने पुलिस से कार्रवाई और सुरक्षा की मांग की है। पुलिस को दी गई तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जा रही है। आरोपी की पहचान और तलाश के लिए सर्विलांस तथा साइबर सेल की मदद ली जा रही है।

# जसि रघुवीर ब्याह विधि बरनी, सकल कुंअर ब्याहे तेहि करनी

**यूनिक समय, नौहझील।** कस्बा में आयोजित 120 वे रामलीला महोत्सव के अंतर्गत शनिवार को मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम की बरात भव्यता के साथ में धूमधाम से निकल गई। बरात शीतला माता कुंड से आरंभ हुई। सफेद घोड़े पर सवार राम, लक्ष्मण, भरत और शत्रुघ्न उनके पीछे गुरु विश्वामित्र गुरु वशिष्ठ राजा दशरथ और मंत्री सुमंत रथ पर सवार होकर चल रहे थे।

मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम जैसे ही अपने भाइयों के साथ सीता को ब्याहने में निकले ऐसे ही कस्बा भगवान राम के जय करो से गूंज उठा । बारात में शामिल दर्जनों झांकियां, बैंड, ढोल-नगाड़े के साथ हजारों की संख्या में दूर दराज और कस्बा के


नौहझील में रामलीला मंचन के दौरान राम–सीता विवाह की लीला प्रस्तुत करते कलाकार।

बरातियों ने शिरकत की। होली चौक पर कुशवाहा समाज के सदस्यों ने जलपान की व्यवस्था की।

चामड़ चौराहे पर समिति के सदस्यों ने भगवान श्री राम की आरती उतार कर पूजनं किया, परशुराम चौक पर ब्राह्मण समाज के सदस्यों ने आरती उतार कर स्वागत किया। राम बारात देखने को क्षेत्र की जनता में भारी संख्या में उत्साह देखा । बारात का कस्बा में जगह–जगह पर जलपान फूलों की बरसात कर स्वागत किया।

बारात रामलीला मैदान में समाप्त हुई। मंत्रों उच्चारण के साथ भगवान राम माता सीता का विवाह हुआ। सुरक्षा की दृष्टि से

## नौहझील में 120 वीं रामलीला महोत्सव के अंतर्गत निकाली भगवान श्री राम की बारात

थाना अध्यक्ष नौहझील मय फोर्स के राम बारात में मौजूद रहे। अध्यक्ष अशोक भारद्वाज, उपाध्यक्ष महेश पुरोहित, कोषाध्यक्ष पन्नालाल गुप्ता, ऑडिटर धर्मपाल पाठक, महामंत्री मोरध्वज अग्रवाल, संगठन मंत्री रमन बिहारी भारद्वाज, मंत्री संजय पाठक, प्रचार प्रसार मंत्री हजारीलाल गुप्ता, दयाराम पाठक, मनोज पाठक सहित सैकड़ो समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

## सुविचार

अपनी मेहनत से दुनिया को यह दिखा दो कि तुम क्या कर सकते हो।

## कल का पंचांग

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| तिथि | द्वितीया | 09:31-10:13 तक | पक्ष | शुक्ल पक्ष |
| नक्षत्र | स्वाती | 10:32-11:52 तक | माह | आश्विन |
| सूर्योदय | | 6:22 AM | चन्द्रोदय | 06:51 AM |
| सूर्यास्त | | 6:05 PM | चंद्रास्त | 06:15 PM |
| सूर्य राशि | | कन्या राशि | चंद्र | कन्या राशि |
| शुभ मुहूर्त | | 11:51AM –12:41 PM | ब्रहम् मुहूर्त | 04:36-05:25 |
| त्योहार/व्रत | | | विक्रम संवत् | 2083 |
| राहुकाल | | 04:37 AM: 06:05 PM | वार | सोमवार |

## ब्रज के मंदिरों के दर्शन




ब्रज की सभी कथा और श्री राधा कृष्ण की सभी लीलाओं के दर्शन यूनिक समय चैनल के माध्यम से करें।

Youtube Channel : https://youtube.com/uniquesamay

### नवरात्र के पहले दिन मां शैलपुत्री की आराधना

# मंदिरों में उमड़ा आस्था का सैलाब



नवरात्र के पहले दिन आकाशवाणी मार्ग स्थित मां चामुंडा मंदिर में पूजा-अर्चना करते श्रद्धालु।



भक्तों को दर्शन देती मां चामुंडा।



रविवार को आकाशवाणी मार्ग स्थित मां चामुंडा मंदिर में पूजा-अर्चना करते श्रद्धालु।

### शहर से गांव तक गूंजे माता रानी के जयकारे घर-घर विराजीं मां दुर्गा

**यूनिक समय, मथुरा।** कान्हा की नगरी में शारदीय नवरात्र के पहले दिन रविवार को मां दुर्गा के प्रथम स्वरूप मां शैलपुत्री की पूजा-अर्चना के साथ भक्ति और आस्था का माहौल छा गया। सुबह से ही प्रमुख देवी मंदिरों से लेकर ग्रामीण अंचलों तक श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। मंदिरों में घंटे-घड़ियालों की गूंज और माता रानी के जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो उठा। घरों में कलश स्थापना कर श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा का आह्वान किया और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। नवरात्र के पहले दिन देवी दर्शन के लिए श्रद्धालु सुबह से ही मंदिरों में पहुंचने लगे। शहर के काली देवी मंदिर, मां बगलामुखी मंदिर और मां चामुंडा देवी मंदिर सहित विभिन्न देवी मंदिरों में भक्तों ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। श्रद्धालुओं ने मां को पुष्प, चुनरी, नारियल और प्रसाद अर्पित कर परिवार की खुशहाली की प्रार्थना की। मंदिरों में उमड़ी भीड़ के बीच जय माता दी के जयकारे गूंजते रहे। महिलाओं ने पूजा की थाली सजाकर मां की आरती उतारी, वहीं अनेक श्रद्धालुओं ने नवरात्र के नौ दिनों तक व्रत रखने का संकल्प लिया। शहर के साथ गोवर्धन, बरसाना, फरह, छाता, कोसीकलां, वृंदावन, राया और मांट सहित जिले के विभिन्न क्षेत्रों में भी नवरात्र का उत्साह दिखाई दिया। देवी मंदिरों में दर्शन-पूजन के लिए श्रद्धालुओं की आवाजाही बनी रही। घरों में साफ-सफाई के बाद पूजा स्थल सजाए गए और शुभ मुहूर्त में कलश स्थापना की गई। भक्तों मां दुर्गा के प्रथम स्वरूप मां शैलपुत्री की पूजा कर सुख, शांति और समृद्धि का आशीर्वाद मांगा। नवरात्र के आगमन के साथ ही बाजारों और घरों में भी त्योहार की रौनक दिखाई देने लगी। पूजा सामग्री, फूल, नारियल, चुनरी और प्रसाद की खरीदारी की गई। श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से पूजा कर नवरात्र का शुभारंभ किया।

MANNAT GROUP
Building Your Vision, Creating Reality

JAIGURUDEV
MULTISPECIALITY HOSPITAL
मथुरा में सबसे कम दरों पर समस्त स्वास्थ्य संबंधी सुविधाएँ उपलब्ध
हमारी टीम के अनुभवी एवं विशेषज्ञ डॉक्टार
डॉ. अनिल कुमार गौतम M.B.B.S, M.D., MEDICINE (CONSULTANT PHYSICIAN)
डॉ. दुर्गेश कुमार M.B.B.S, D.N.B., ORTHO-SUR. JOINT REPLACEMENT
डॉ. वी. के. पांडे M.B.B.S. M.S. Ortho
डॉ. संदीप गोवर्धन चौहान M.B.B.S, D.N.B., NEURO SURGEON
डॉ. इला अग्रवाल M.B.B.S. M.S. Ortho
डॉ. एकता थडानी M.B.B.S., DNB. (OBGY)
डॉ. सी. एम. मवार M.B.B.S. DVD. MIADVI
डॉ. नितेश जिंदल MBBS, MD, MEDICINE
डॉ. नरेश अग्रवाल M.B.B.S., D.C.H
डॉ. अर्पण मौर्य M.B.B.S., M.S. (SURGERY) F.M.A.S F.I.A.G.E.S GERASER SURGO &
डॉ. मनदीप यादव D.P.T B.P.T
डॉ. चेतना अग्रवाल B.D.S., MIDA
डॉ. हरि प्रसाद (B.H.M.S) CONSULTANT HOMOEOPATH
डॉ. एम. माहेश्वरी M.B.B.S. (MS) OPTHOLMALOGY
आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत ₹5 लाख तक का नि:शुल्क उपचार
आयुष्मान कार्ड धारकों का स्वागत है
आपातकालीन मो.नं. 7078877006
8650777901, 8953925593
Maholi Link Road, Mathura (U.P.)

# कृष्णा नगर में मुकुट पूजन के साथ रामलीला का हुआ शुभारंभ

### पार्षद चंदन आहूजा ने आरती उतारकर किया शुभारंभ

### रामलीला के शुभारंभ पर क्षेत्र में दिखा धार्मिक उत्साह

**यूनिक समय, मथुरा।** कान्हा की नगरी के कृष्णा नगर स्थित वार्ड नंबर 30 में शनिवार को विधि-विधान के साथ मुकुट पूजन कर रामलीला का शुभारंभ किया गया। वार्ड 30 के पार्षद चंदन आहूजा ने आरती उतारकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुकुट पूजन के साथ रामलीला की शुरुआत होने पर पूरे क्षेत्र में धार्मिक उत्साह और भक्तिभाव का माहौल देखने को मिला।

रामलीला आयोजन को लेकर क्षेत्र में तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। आयोजन को व्यवस्थित ढंग से कराने के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं की गई हैं। रामलीला के शुभारंभ के साथ ही स्थानीय लोगों में उत्साह दिखाई देने लगा है। धार्मिक आयोजन के माध्यम से क्षेत्र में भगवान श्रीराम के आदर्शों और मर्यादा का संदेश दिया जाएगा।



मुकुट की आरती उतारते पार्षद चंदन आहूजा।

मुकुट पूजन के दौरान नीरज गेरा, मदन बांगा, अजय चड्डा, धीरज शर्मा, सुनील बस्सी, नवनीत पिपलानी, यदु पिपलानी, तुषार पिपलानी और अमित चुग सहित अन्य लोग मौजूद रहे। सभी ने रामलीला के सफल आयोजन की कामना की।

# कात्यायनी मंदिर में संधि आरती, मां के खजाने के लिए उमड़ते हैं श्रद्धालु

**यूनिक समय, वृंदावन।** चैत्र नवरात्रि के अवसर पर वृंदावन के प्रसिद्ध मां कात्यायनी मंदिर में अष्टमी और नवमी के संधि काल में भव्य संधि आरती आयोजित की जाती है। इस दौरान मां के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती है। मंदिर ट्रस्टी रवि दयाल के अनुसार, संधि आरती की परंपरा सौ वर्षों से अधिक पुरानी है। मंदिर प्रबंधक विजय मिश्र ने बताया कि आरती के बाद पुजारियों द्वाराभक्तों के बीच सिक्के, टॉफी, बिस्कुट और अन्य सामग्री वितरित की जाती है। मां के इस खजाने को पाने के लिए श्रद्धालुओं में खासा उत्साह दिखाई देता है। मान्यता है कि सिक्कों को घर के धन स्थान पर रखने से सुख-समृद्धि आती है।

# गोपियों ने श्रीकृष्ण को पाने के लिए की थी मां कात्यायनी की पूजा

### 1923 में हुई थी मां कात्यायनी की प्रतिमा की प्राण-प्रतिष्ठा

### विवाह में बाधा दूर करने की कामना से पहुंचते हैं श्रद्धालु



मां कात्यायनी।



वृंदावन स्थित मां कात्यायनी मंदिर में पूजा को जाते श्रद्धालु।

**यूनिक समय, वृंदावन।** श्रीकृष्ण की लीलाभूमि वृंदावन में स्थित मां कात्यायनी मंदिर शक्ति उपासना और कृष्ण भक्ति की अनूठी परंपरा को संजोए हुए है। मंदिर का धार्मिक महत्व श्रीमद्भागवत महापुराण में वर्णित उस प्रसंग से जुड़ा है, जिसमें ब्रज की गोपियों ने श्रीकृष्ण को पति रूप में प्राप्त करने की कामना से मां कात्यायनी की आराधना की थी। मंदिर में वर्षभर श्रद्धालु दर्शन-पूजन के लिए पहुंचते हैं।

धार्मिक मान्यता के अनुसार, मार्गशीर्ष महीने में ब्रज की गोपियां प्रतिदिन यमुना में स्नान कर मां कात्यायनी का व्रत और पूजन करती थीं। वे नंद बाबा के पुत्र श्रीकृष्ण को पति रूप में पाने की प्रार्थना करती थीं। इसी प्रसंग के कारण वृंदावन में मां कात्यायनी की पूजा का विशेष महत्व माना जाता है। मंदिर को शक्तिपीठ के रूप में भी मान्यता प्राप्त है। प्रचलित मान्यता है कि यहां माता सती के केश गिरे थे। नवरात्रि के दौरान मंदिर में विशेष श्रद्धालु पहुंचते हैं। वर्षभर भक्त सुख-समृद्धि, पारिवारिक शांति और मनोकामना पूर्ति की प्रार्थना करते हैं। कृष्ण भक्ति और शक्ति साधना का संगम यह मंदिर वृंदावन की धार्मिक विरासत का महत्वपूर्ण हिस्सा है।

### स्वामी केशवानंद ब्रह्मचारी ने कराया विकास

मंदिर के वर्तमान स्वरूप और विकास का श्रेय स्वामी केशवानंद ब्रह्मचारी को दिया जाता है। मंदिर की आधिकारिक जानकारी के अनुसार, मां कात्यायनी की प्रतिमा की प्राण-प्रतिष्ठा वर्ष 1923 में माघ पूर्णिमा के अवसर पर हुई थी। इसके बाद से यह मंदिर श्रद्धालुओं की आस्था का प्रमुख केंद्र बना हुआ है।

### विवाह में बाधा दूर करने के लिए विशेष पूजा



मंदिर के वर्तमान पुजारी कमल तिवारी के अनुसार, विवाह में देरी या बाधाओं का सामना कर रहे युवक-युवतियों के लिए मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना कराई जाती है। इसके लिए 2,100 रुपये की पर्ची कटवाकर पूजा की व्यवस्था है। पुजारी के मुताबिक, श्रद्धालुओं की मान्यता है कि मां की कृपा से छह महीने के भीतर विवाह के योग बन सकते हैं। हालांकि, यह धार्मिक आस्था से जुड़ी मान्यता है।

## सम्पादकीय

# डिग्रियां बढ़ीं, मौके घटे आखिर युवा करें तो क्या करें

कभी युवाओं को समझाया जाता था कि खूब पढ़ो, अच्छे अंक लाओ, मेहनत करो और सफलता कदम चूमेगी। नई पीढ़ी ने इस सलाह को गंभीरता से लिया। रातें जागकर पढ़ाई की, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी की और बेहतर भविष्य के सपने देखे। लेकिन जब मेहनत के बदले परीक्षा रद्द होने, भर्ती अटकने और प्रश्नपत्र लीक होने की खबरें मिलने लगीं, तो सब्र जवाब देने लगा। अब सवाल है कि जब व्यवस्था ही भरोसे पर खरी न उतरे, तो युवा आखिर किससे उम्मीद करें?



पवन गौतम
संपादक

आज का युवा मोबाइल पर दुनिया भर की सफलताएं देखता है। कोई कम उम्र में कारोबार खड़ा कर रहा है, तो कोई विदेश में शानदार नौकरी पा रहा है। दूसरी ओर, अनेक युवा डिग्रियां लेकर भर्ती विज्ञापनों और परीक्षा परिणामों का इंतजार कर रहे हैं। सोशल मीडिया ने आकांक्षाएं बढ़ाई हैं, लेकिन वास्तविक जीवन में अवसर सीमित दिखाई देते हैं।

विडंबना देखिए, समाज युवाओं को महत्वाकांक्षी बनने की सलाह देता है, मगर सवाल पूछने पर उन्हें अधीर बताने लगता है। उनसे प्रतिस्पर्धा करने को कहा जाता है, लेकिन प्रतिस्पर्धा निष्पक्ष हो, इसकी गारंटी कौन देगा? धैर्य रखने की सीख देने वाले यह क्यों भूल जाते हैं कि युवाओं के जीवन के कीमती साल वापस नहीं लौटते?

किसी प्रतियोगी परीक्षा का रद्द होना केवल प्रशासनिक फैसला नहीं है। उसके पीछे परिवार की उम्मीदें, वर्षों की मेहनत और आर्थिक त्याग जुड़ा होता है। भर्ती में देरी किसी युवा के लिए नौकरी का अवसर छिन जाने जैसी साबित हो सकती है। इसलिए हर बार नई तारीख घोषित कर देना समस्या का समाधान नहीं है।

**संपादकीय सुनने के लिए मोबाइल से QR कोड को स्कैन करें।**

नई पीढ़ी को चमत्कार नहीं चाहिए। वह चाहती है कि परीक्षाएं समय पर हों, भर्ती प्रक्रिया पारदर्शी रहे और गड़बड़ी करने वालों की जिम्मेदारी तय हो।

जेन ज़ी नौकरी के साथ सम्मान, मानसिक संतुष्टि और अपनी आवाज की अहमियत भी समझती है। वह नेताओं, संस्थानों और प्रभावशाली लोगों से सवाल पूछती है। इसे केवल अधीरता कहना आसान है, लेकिन अपनी कमियों पर विचार करना ज्यादा जरूरी है। लोकतंत्र में असहमति सुधार का अवसर है, अनुशासनहीनता का प्रमाण नहीं। युवाओं के हर विरोध को सही मानना जरूरी नहीं, मगर हर आवाज को दबाना भी उचित नहीं।

फंडा यही हैः युवा मेहनत से नहीं भाग रहे, वे मेहनत का निष्पक्ष परिणाम चाहते हैं। सरकारों और संस्थानों को समझना होगा कि भरोसा नारों से नहीं, जवाबदेही से बनता है। जिस पीढ़ी के कंधों पर विकसित भारत का सपना रखा गया है, उसके वर्तमान को अनिश्चितता के हवाले करके उज्ज्वल भविष्य की उम्मीद कैसे की जा सकती है?

## नजरिया

# ट्रंप का दोहरा खेल, रूस से तेल पर भारत को सजा

बोध प्रकाश सगुणी



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की राजनीति में सिद्धांतों से अधिक महत्व परिस्थितियों और राजनीतिक लाभ का दिखाई देता है। रूस से तेल खरीदने पर भारत को भारी टैरिफ की धमकी देने वाला अमेरिका अब अपनी जरूरतों के लिए रूस से डीजल खरीदने की राह पर है। सवाल केवल इतना नहीं है कि अमेरिका रूस से ईंधन क्यों खरीद रहा है, बल्कि यह भी है कि जो कदम भारत के लिए गलत बताया जाता है, वही अमेरिका के लिए राष्ट्रीय हित कैसे बन जाता है? अंतरराष्ट्रीय राजनीति में राष्ट्रीय हित सर्वोपरि हो सकता है, लेकिन यदि उसके नाम पर दूसरों के लिए अलग और अपने लिए अलग नियम बनाए जाएं, तो निष्पक्षता और नियम आधारित व्यवस्था के दावे खोखले पड़ने लगते हैं।

ट्रंप प्रशासन की इस नीति का सबसे बड़ा विरोधाभास यही है कि रूस की युद्ध अर्थव्यवस्था पर दबाव बनाने के लिए प्रतिबंधों की वकालत करने वाला अमेरिका अब घरेलू ईंधन संकट के बीच उन्हीं प्रतिबंधों में राहत देने को तैयार दिखाई देता है। रिपोर्टों में रूसी डीजल की बड़ी खेपों की आपूर्ति और कुछ निर्धारित शर्तों के तहत प्रतिबंधों से अस्थायी छूट की चर्चा है। यदि ये व्यवस्थाएं लागू होती हैं, तो यह स्पष्ट होगा कि ऊर्जा बाजार की जरूरतें अमेरिकी नीतियों को किस तरह प्रभावित कर रही हैं। मगर इससे एक असहज सवाल भी खड़ा होता है कि क्या प्रतिबंधों का उद्देश्य वास्तव में युद्ध रोकना है या उनका इस्तेमाल दूसरे देशों पर दबाव बनाने के लिए किया जा रहा है?

अमेरिका में डीजल की बढ़ती कीमतें इस फैसले की पृष्ठभूमि समझने के लिए महत्वपूर्ण हैं। जब ईंधन महंगा होता है, तो उसका असर केवल वाहन चालकों तक सीमित नहीं रहता। खेती, माल ढुलाई, उद्योग और रोजमर्रा की वस्तुओं की कीमतें भी इससे प्रभावित होती हैं। महंगाई का बोझ अंततः आम उपभोक्ता की जेब पर पड़ता है। ऐसे में अमेरिकी प्रशासन के लिए घरेलू बाजार में ईंधन की उपलब्धता और कीमतों को नियंत्रित करना राजनीतिक मजबूरी बन सकता है। तीन नवंबर को होने वाले मध्यावधि चुनावों से पहले यह चुनौती और गंभीर है। मतदाता यदि महंगाई से परेशान हैं, तो सरकार को अपने फैसलों का राजनीतिक परिणाम भी भुगतना पड़ सकता है। लेकिन यही तर्क भारत के मामले में क्यों स्वीकार नहीं किया जाता? भारत की ऊर्जा जरूरतें विशाल हैं और अंतरराष्ट्रीय बाजार में सस्ते विकल्प तलाशना उसकी आर्थिक जिम्मेदारी है। रूसी तेल की खरीद भारत के लिए केवल विदेश नीति का विषय नहीं, बल्कि ऊर्जा सुरक्षा, महंगाई नियंत्रण और विकास की जरूरतों से भी जुड़ी है। यदि अमेरिका अपने नागरिकों को राहत देने के लिए रूसी ईंधन खरीदने को उचित मानता है, तो भारत के ऐसे फैसले को भी उसकी परिस्थितियों के संदर्भ में देखा जाना चाहिए। किसी देश की ऊर्जा नीति पर सवाल उठाना अलग बात है, लेकिन उसी नीति के लिए दंडात्मक आर्थिक दबाव बनाना और फिर स्वयं वैसा ही कदम उठाना दोहरे मानदंडों का संकेत देता है। भारत पर भारी टैरिफ लगाने की नीति का औचित्य भी इसी कसौटी पर परखा जाना चाहिए। व्यापारिक प्रतिबंधों का असर केवल सरकारों तक सीमित नहीं रहता। वे कारोबार, निर्यात, रोजगार और उपभोक्ताओं को भी प्रभावित कर सकते हैं। अमेरिका यदि अपने आर्थिक हितों के लिए नीतियों में लचीलापन दिखा सकता है, तो उसे दूसरे देशों के हितों को भी समान गंभीरता से समझना होगा। अंतरराष्ट्रीय संबंध किसी एक देश के आदेशों से नहीं चलते। उनकी स्थिरता पारस्परिक सम्मान, भरोसे और समान नियमों पर निर्भर करती है। भारत जैसे देश से यह अपेक्षा करना कि वह अपनी जरूरतों की अनदेखी करके किसी दूसरी शक्ति की प्राथमिकताओं के अनुसार फैसले करे, व्यावहारिक भी नहीं है और न्यायसंगत भी नहीं। ट्रंप के फैसले से यूक्रेन की नाराजगी को भी नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की की आपत्ति का आधार यह है कि रूस से ऊर्जा खरीद उसे आर्थिक सहारा दे सकती है, जबकि युद्ध समाप्त कराने के प्रयास जारी हैं। यूक्रेन के नजरिये से प्रतिबंधों में राहत रूस को यह संदेश दे सकती है कि युद्ध के बावजूद उसे महत्वपूर्ण आर्थिक अवसर मिलते रहेंगे। यदि ऊर्जा प्रतिबंधों में ढील किसी पारस्परिक समझौते, जैसे सर्दियों में ऊर्जा ढांचे पर हमले रोकने, का हिस्सा होती, तो उसका आकलन अलग होता। लेकिन बिना स्पष्ट शर्तों के राहत देने से शांति वार्ता की विश्वसनीयता पर प्रश्न उठना स्वाभाविक है। अमेरिका के भीतर से उठने वाली आलोचना भी महत्वपूर्ण है। यदि अमेरिकी किसान और उपभोक्ता सस्ता डीजल चाहते हैं, तो उनकी जरूरत जायज है। लेकिन रूस पर दबाव बनाए रखने के घोषित उद्देश्य के साथ ऊर्जा खरीद में छूट का तालमेल बैठाना प्रशासन की जिम्मेदारी है। सरकार को स्पष्ट करना चाहिए कि यह राहत अस्थायी क्यों है, इसकी शर्तें क्या हैं और इससे रूस की युद्ध क्षमता पर पड़ने वाले प्रभाव का आकलन कैसे किया गया है। केवल घरेलू महंगाई का हवाला देकर नीति बदल देना पर्याप्त नहीं है, खासकर तब जब पहले इसी मुद्दे पर दूसरे देशों को कठोर संदेश दिए गए हों। अंतरराष्ट्रीय जवाबदेही के सवाल पर भी अमेरिका की भूमिका बहस के घेरे में रहती है। जब कोई शक्तिशाली देश अंतरराष्ट्रीय न्यायिक संस्थाओं की स्वतंत्रता पर सवाल उठाता है या उनके विरुद्ध प्रतिबंधात्मक कदम उठाता है, तो यह स्पष्ट करना आवश्यक हो जाता है कि उसकी आपत्ति किसी विशिष्ट कानूनी प्रक्रिया से है या वह व्यापक जवाबदेही से बचना चाहता है। अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं की कार्यप्रणाली की आलोचना की जा सकती है, लेकिन उसका उत्तर पारदर्शी कानूनी प्रक्रिया और ठोस तर्कों से दिया जाना चाहिए। किसी संस्था पर दबाव बनाने से यह आशंका पैदा होती है कि शक्तिशाली देश उन नियमों को स्वीकार करने में ही रुचि रखते हैं, जो उनके हितों के अनुकूल हों। यहां मूल प्रश्न अमेरिका की संप्रभुता का नहीं, बल्कि उसके नैतिक दावों की विश्वसनीयता का है। हर देश को अपने नागरिकों के हितों की रक्षा करने का अधिकार है। भारत भी यही करता है और अमेरिका भी। लेकिन यदि एक ही परिस्थिति में अपने लिए छूट और दूसरों के लिए दंड की व्यवस्था बनाई जाए, तो नियमों की निष्पक्षता पर संदेह होना स्वाभाविक है। अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था में नेतृत्व केवल आर्थिक या सैन्य ताकत से नहीं मिलता। उसके लिए विश्वसनीयता, निरंतरता और अपने घोषित सिद्धांतों पर अमल करने की क्षमता भी जरूरी है।

ट्रंप प्रशासन को समझना होगा कि तात्कालिक राजनीतिक लाभ के लिए अपनाई गई विरोधाभासी नीतियां लंबे समय में सहयोगी देशों का भरोसा कमजोर कर सकती हैं। रूस से डीजल खरीदना अमेरिका की घरेलू जरूरतों के लिहाज से उचित हो सकता है, लेकिन तब भारत की ऊर्जा खरीद को लेकर भी निष्पक्ष दृष्टिकोण अपनाना चाहिए। यदि राष्ट्रीय हित ही अंतिम कसौटी है, तो यह कसौटी सभी देशों पर समान रूप से लागू होनी चाहिए। अन्यथा दुनिया यही मानेगी कि नियम सार्वभौमिक नहीं, बल्कि शक्तिशाली देशों की सुविधा के अनुसार बदलते हैं। अंतरराष्ट्रीय राजनीति में दोहरे मानदंड कुछ समय के लिए दबाव तो बना सकते हैं, लेकिन स्थायी सम्मान और भरोसा नहीं जीत सकते।

## विचार विंडो

# बेटी की शरारत बनी चांद पर सफलता का सबसे बड़ा राज

राम प्रकाश शर्मा

दुनिया में इतिहास रचने वालों की चर्चा होती है, लेकिन इतिहास को सफल बनाने वालों की कहानी अक्सर पर्दे के पीछे रह जाती है। चांद पर पहुंचने वाले अंतरिक्ष यात्रियों के नाम पूरी दुनिया जानती है, मगर उस तकनीक को सुरक्षित बनाने वाली महिला की कहानी कम लोगों तक पहुंची। मार्गरेट हैमिल्टन ने अपनी दूरदर्शिता से साबित किया कि महान आविष्कार हमेशा किसी बड़ी प्रयोगशाला में ही जन्म नहीं लेते। कभी–कभी उनकी शुरुआत एक बच्चे की शरारत और मां की सजग नजर से भी हो सकती है। उनकी कहानी उन लोगों के लिए खास संदेश है, जो सफलता को केवल चमकदार उपलब्धियों और बड़े पदों से जोड़कर देखते हैं।

वर्ष 1965 में मार्गरेट गणित में पीएचडी करने की तैयारी कर रही थीं। इसी दौरान उन्हें अमेरिका के अपोलो अंतरिक्ष कार्यक्रम से जुड़ने का अवसर मिला। उस समय कंप्यूटर के लिए कोड लिखने को कई लोग वास्तविक इंजीनियरिंग के मुकाबले कम महत्व का काम मानते थे। लेकिन मार्गरेट ने इस सोच को चुनौती दी। उन्होंने अपनी पढ़ाई की योजना छोड़कर उस टीम के साथ काम करना शुरू किया, जिसका लक्ष्य मनुष्य को चांद तक पहुंचाने के लिए जरूरी सॉफ्टवेयर तैयार करना था। एकल मां के रूप में बेटी लॉरेन की देखभाल करना और कठिन तकनीकी जिम्मेदारियां निभाना आसान नहीं था। इसके बावजूद उन्होंने अपनी परिस्थितियों को अपनी राह की बाधा नहीं बनने दिया। वह कभी–कभी बेटी को अपने साथ काम पर भी ले जाती थीं। उन्हें शायद अंदाजा भी नहीं था कि एक दिन इसी बच्ची की मासूम हरकत उनके वैज्ञानिक चिंतन को नई दिशा देगी।

एक रात लॉरेन अंतरिक्ष यात्री बनकर खेल रही थी। मार्गरेट ने उसे उस हार्डवेयर सिम्युलेटर पर खेलने दिया, जिस पर वह काम कर रही थीं। खेलते–खेलते बच्ची ने कुछ बटन दबा दिए और नेविगेशन से जुड़ा डेटा मिट गया। सामान्य प्रतिक्रिया गुस्सा करने या बच्ची को डांटने की हो सकती थी, लेकिन मार्गरेट ने इस घटना को एक संभावित तकनीकी खतरे के रूप में देखा। उन्होंने सोचा कि यदि एक बच्ची अनजाने में ऐसी गलती कर सकती है, तो वास्तविक अंतरिक्ष अभियान के दौरान कोई अंतरिक्ष यात्री भी ऐसा कर सकता है। यहीं उनकी दूरदर्शिता ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने सॉफ्टवेयर को इस तरह तैयार करने की जरूरत समझी कि किसी अनजानी मानवीय गलती के बावजूद मिशन के सबसे जरूरी काम बाधित न हों। एक सामान्य–सी घटना को गंभीरता से लेने की यही क्षमता उन्हें



विशिष्ट बनाती है। 20 जुलाई, 1969 को दुनिया की नजरें अपोलो–11 मिशन पर टिकी थीं। नील आर्मस्ट्रॉन्ग और बज एल्ड्रिन चंद्रमा की सतह पर उतरने की तैयारी कर रहे थे, जबकि माइकल कॉलिन्स कमांड मॉड्यूल में चंद्रमा की कक्षा में मौजूद थे। इसी दौरान लूनर मॉड्यूल 'ईगल' में कंप्यूटर अलार्म बजने लगे। वह क्षण बेहद महत्वपूर्ण था। चंद्रमा पर उतरने की प्रक्रिया में किसी गंभीर तकनीकी समस्या से अभियान खतरे में पड़ सकता था। लैंडिंग के समय कंप्यूटर को सीमित संसाधनों के बीच जरूरी कामों को प्राथमिकता देनी थी। मार्गरेट हैमिल्टन और उनकी टीम के सॉफ्टवेयर की खासियत यह थी कि वह महत्वपूर्ण कार्यों को जारी रखने में मदद कर सकता था। इस व्यवस्था ने कंप्यूटर पर बढ़ते दबाव के बीच लैंडिंग की प्रक्रिया को आगे बढ़ाने में अहम योगदान दिया। इसके बाद नील आर्मस्ट्रॉन्ग की प्रसिद्ध घोषणा, 'द ईगल हैज़ लैंडेड', इतिहास का हिस्सा बन गई। दुनिया ने अंतरिक्ष यात्रियों की उपलब्धि का जश्न मनाया, लेकिन इस सफलता के पीछे उन वैज्ञानिकों और इंजीनियरों की मेहनत भी थी, जिन्होंने संभावित संकटों का पहले से अनुमान लगाया था। मार्गरेट का योगदान इसी अदृश्य मेहनत की मिसाल है। मार्गरेट की कहानी आज के कार्यस्थलों के लिए भी महत्वपूर्ण है। अक्सर किसी गलती के बाद सबसे पहले जिम्मेदार व्यक्ति की तलाश शुरू हो जाती है। बैठकें होती हैं, आरोप लगते हैं और कभी–कभी कर्मचारी को दंडित करके मामला समाप्त मान लिया जाता है। लेकिन वास्तविक सुधार तब होता है, जब गलती के कारण को समझकर ऐसी व्यवस्था बनाई जाए कि वही समस्या दोबारा न हो। मार्गरेट ने बेटी की गलती को अनुशासन का मुद्दा बनाने के बजाय सुरक्षा की चुनौती के रूप में देखा। यही नवाचार की असली पहचान है। अच्छे आविष्कारक केवल समस्याओं का समाधान नहीं करते, वे उन समस्याओं को भी पहचानते हैं, जिनके सामने आने की आशंका दूसरे लोग नहीं समझ पाते।

आज कृत्रिम बुद्धिमत्ता, रोबोट और आधुनिक सॉफ्टवेयर की चर्चा हर जगह है। कंपनियां नए विचारों की तलाश में हैं और युवा बड़ी उपलब्धियां हासिल करना चाहते हैं। लेकिन नवाचार के लिए केवल तकनीकी ज्ञान पर्याप्त नहीं है। उसके लिए जिज्ञासा, धैर्य, गलतियों से सीखने की इच्छा और सामान्य घटनाओं में असामान्य संभावनाएं देखने की क्षमता भी जरूरी है। मार्गरेट हैमिल्टन ने सॉफ्टवेयर इंजीनियरिंग को सम्मान दिलाने के लिए भी संघर्ष किया। वर्ष 2016 में अमेरिका के तत्कालीन राष्ट्रपति बराक ओबामा ने उन्हें 'प्रेसिडेंशियल मेडल ऑफ फ्रीडम' से सम्मानित किया।

यह सम्मान उनके योगदान की पहचान था। 30 सितंबर, 2026 को 90 वर्ष की उम्र में उनके निधन के साथ दुनिया ने तकनीकी इतिहास की एक महत्वपूर्ण हस्ती को खो दिया। फंडा यह है कि बड़े आविष्कार हमेशा बड़े विचारों से ही नहीं, छोटी घटनाओं को गंभीरता से देखने से भी जन्म लेते हैं। जिस शरारत पर कोई मां केवल डांट सकती थी, मार्गरेट ने उसमें एक संभावित खतरा पहचान लिया। यही अंतर सामान्य नजर और नवाचारी सोच में है। बच्चों के सवालों, कर्मचारियों की गलतियों और रोजमर्रा की परेशानियों को नजरअंदाज करने के बजाय उनसे सीखने की आदत डालिए। संभव है कि अगला बड़ा बदलाव किसी ऐसी ही छोटी घटना में छिपा हो, जिसे आज हम मामूली समझकर टाल रहे हों।

# जरूरत से ज्यादा नमक सेहत के लिए बन सकता है परेशानी का सबब

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** अगर आपको बहुत अधिक नमक खाने की आदत है तो यह काफी हद तक संभव है कि इससे आपको हाई ब्लड प्रेशर की शिकायत का सामना करना पड़े। इससे आपको हृदय रोग से लेकर स्ट्रोक और गुर्दे की समस्या हो सकती है।

नमक के बिना खाने का कोई स्वाद नहीं है। किसी भी डिश में नमक को जरूर शामिल किया जाता है। हालांकि, ऐसे कई लोग होते हैं, जिन्हें कुछ ज्यादा ही नमक खाने की आदत होती है। वे अक्सर अपने खाने में ऊपर से नमक डालकर खाते हैं। अगर लगातार ऐसा किया जाए तो इससे आपकी सेहत को नुकसान उठाना पड़ सकता है। जी हां, जरूरत से ज्यादा नमक कई तरह की हेल्थ प्रोब्लम्स की वजह बन सकता है। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको बता रहे हैं कि जरूरत से ज्यादा नमक आपको किस तरह परेशान कर सकता है–



**हाई ब्लड प्रेशर की शिकायत**

अगर आपको बहुत अधिक नमक खाने की आदत है तो यह काफी हद तक संभव है कि इससे आपको हाई ब्लड प्रेशर की शिकायत का सामना करना पड़े। इससे आपको हृदय रोग से लेकर स्ट्रोक और गुर्दे की समस्या हो सकती है। इसलिए आप नमक का सेवन सीमित मात्रा में ही करें।

**बार–बार प्यास लगना**

जब आप बहुत अधिक नमक का सेवन करना शुरू कर देते हैं तो इससे आपको बार–बार प्यास लगना शुरू हो जाता है। नमक का अत्यधिक सेवन रक्त में सोडियम की मात्रा को बढ़ाता है। जिससे आपको अधिक प्यास लगने लगती है। हो सकता है कि इससे आपको बार–बार मुंह सूखने की शिकायत हो। इतना ही नहीं, शरीर में सोडियम का लेवल अधिक होने से वाटर रिंटेशन की समस्या भी हो सकती है। ऐसे में हाथ–पैरों में सूजन व ब्लोटिंग जैसे लक्षण नजर आ सकते हैं।

**किडनी डैमेज होना**

किडनी शरीर से अतिरिक्त सोडियम को फिल्टर करने का काम करती है। लेकिन नमक का अधिक सेवन करने से किडनी को जरूरत से ज्यादा काम करना पड़ता है, जिससे उसकी कार्यक्षमता प्रभावित हो सकती है। इससे किडनी के डैमेज होने की संभावना भी बढ़ जाती है। यह संभव है कि इससे आपको क्रोनिक किडनी डिसीज या गुर्दे की पथरी की शिकायत हो जाए।

**ऑस्टियोपोरोसिस की शिकायत होना**

सोडियम के अधिक सेवन से कैल्शियम यूरिन के जरिए बाहर निकल सकता है। जिसकी वजह से समय के साथ, इससे बोन डेंसिटी कम हो सकती है। जिसके कारण फ्रैक्चर का खतरा भी कई गुना बढ़ जाता है।




# खाने ही नहीं बल्कि स्किन और बालों के लिए भी फायदेमंद है करी पत्ता

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** करी पत्ते के बारे में तो आप सभी ने सुना होगा, करी पत्ते को मीठी नीम भी कहा जाता है। बहुत सारे लोग इसको अपने तरीके से लाइफस्टाइल में शामिल करते हैं। भारतीय लोग अधिकतर मीठी नीम का इस्तेमाल तड़के के रूप में करते हैं। यह न सिर्फ खाने के स्वाद को बढ़ाने का काम करती है, बल्कि खुशबू भी बढ़ाती है। इसको खाने से सेहत को कई तरह से फायदा मिलता है। वहीं यह स्किन और बालों के लिए भी काफी फायदेमंद मानी जाती है।

बता दें कि स्किन केयर से लेकर बालों की ग्रोथ को बढ़ाने तक में करी पत्ते का इस्तेमाल किया जाता है। इसमें विटामिन्स, मिनरल्स और एंटी ऑक्सीडेंट की भरपूर मात्रा पायी जाती है।

जो स्कैल्प और स्किन को पोषण देने का काम करता है। बालों में करी पत्ते का इस्तेमाल करने से बालों की ग्रोथ बढ़ने के साथ ही यह हेयरफॉल को रोकने में भी मदद करता है।

करी पत्ता बालों को सफेद होने से रोकता है।

साथ ही यदि आप इसका फेस पैक बनाकर चेहरे पर अप्लाई करते हैं, तो आपकी त्वचा नेचुरल तरीके से ग्लो करती है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि बालों और स्किन को हेल्दी बनाने के लिए किस तरह से करी पत्ते का इस्तेमाल किया जाना चाहिए।

**एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर :** करी पत्ता में विटामिन सी, विटामिन ए और फ्लेवनोइड जैसे एंटीऑक्सीडेंट पाया जाता है। जो ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस को कम करता है। जिससे आपकी त्वचा



ग्लोइंग बनती है और बाल हेल्दी व शाइनी बनते हैं।

**पाचन में सुधार :** करी पत्ते पाचन के एंजाइम्स को एक्टिव कर देता है। जिससे आपकी भूख बढ़ती है और पाचन भी अच्छा होता है। इसके लिए आप रोजाना सुबह खाली पेट 5–6 करी पत्ते का सेवन कर सकते हैं।

**ब्लड शुगर कंट्रोल :** करी पत्ते में एंटी–हाइपरग्लाइसेमिक गुण पाए जाते हैं। जो ब्लड में शुगर लेवल को कंट्रोल करने का काम करता है। बता दें कि डायबिटीज के मरीजों के लिए करी पत्ता रामबाण इलाज माना जाता है। ऐसे में यदि डायबिटीज मरीज रोजाना खाली पेट करी पत्ते का सेवन करते हैं, तो यह उनकी सेहत के लिए फायदेमंद होता है।

**दिल होगा हेल्दी :** करी पत्ता आपकी त्वचा और बालों के लिए भी फायदेमंद होता है।

साथ ही इससे आपका दिल भी स्वस्थ रहता है। करी पत्ते में टैनिन और रुटिन पाया जाता है, जो कोलेस्ट्रॉल के लेवल को कम करता है और दिल संबंधी बीमारियों के खतरे को कम करता है।

**ग्लोइंग स्किन और हेल्दी बाल :** करी पत्ते में विटामिन ई जैसे पोषक तत्व पाए जाते हैं। जो हमारी त्वचा को ग्लोइंग और हेल्दी बनाता है। वहीं यह हेयरफॉल को भी रोकने में मदद करता है और बालों की ग्रोथ को बढ़ाने का भी काम करता है।

# अनूठी वास्तुकला और प्राकृतिक सौंदर्य के लिए प्रसिद्ध है उदयपुर नगरी



**यूनिक समय, नई दिल्ली।** उदयपुर का प्रमुख आकर्षण है लेक पैलेस, जो पिचोला झील में स्थित है और अपनी राजस्थानी वास्तुकला के लिए विशेष रूप से प्रसिद्ध है। यहां के महलों और बावड़ियों में भी विशेष रूप से राजपूताना की परंपराएं दिखाई देती हैं। राजस्थान की उदयपुर नगरी अपनी बेहद समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, अनूठी वास्तुकला और प्राकृतिक सौंदर्य के लिए प्रसिद्ध है। इस नगरी को 'राजस्थान के कैलाश' के नाम से भी जाना जाता है, जोकि इसके रोमांचक इतिहास और विलक्षण समृद्धता का प्रतीक है।

उदयपुर का इतिहास गहरी संस्कृति और महाराणा प्रताप की वीरता की गाथाओं से भरा हुआ है। यहां के भव्य महल, बावड़ियां और शांतिपूर्ण झीलें इसे एक पर्यटन और संस्कृति का केंद्र बनाती हैं। उदयपुर का सबसे प्रमुख पर्यटन स्थल है सहेलियों की बाड़ी, जो राजस्थानी शैली में बना हुआ है। यह शहर अपने फूलों की खूबसूरती के लिए प्रसिद्ध है। यहां पर्यटक शांति और प्राकृतिक सौंदर्य का आनंद लेते हैं।

उदयपुर का प्रमुख आकर्षण है लेक पैलेस, जो पिचोला झील में स्थित है और अपनी राजस्थानी वास्तुकला के लिए विशेष रूप से प्रसिद्ध है। यहां के महलों और बावड़ियों में भी विशेष रूप से राजपूताना की परंपराएं दिखाई देती हैं। उदयपुर के इन सभी पर्यटन स्थलों के अलावा यहां के जगदीश मंदिर, हल्दी घाटी, कुम्भलगढ़ किला और फतेह सागर जैसे स्थल भी पर्यटकों के बीच लोकप्रिय हैं।

**जगदीश मंदिरः** उदयपुर का सबसे प्रसिद्ध और पवित्र मंदिर जगदीश मंदिर है, जो किला पहाड़ी के पास स्थित है। यह मंदिर महाराजा जगदीश सिंह द्वारा 1651 ईस्वी में बनवाया गया था और विष्णु भगवान को समर्पित है। इसकी वास्तुकला और राजस्थानी शैली के मधुर संगम ने इसे पर्यटकों के बीच बहुत ही प्रसिद्ध बना दिया है।

**काली मंदिरः** उदयपुर में स्थित काली मंदिर भी एक प्रमुख धार्मिक स्थल है, जो माँ काली को समर्पित है। यहां पर्यटक आकर्षित होते हैं और इस मंदिर की सुंदरता और धार्मिक महत्व का आनंद लेते हैं।

**नवलक्ष मंदिरः** यह भी उदयपुर का एक प्रसिद्ध मंदिर है जो लक्ष्मी नारायण को समर्पित है। इसकी विशेषता इसकी वास्तुकला और शांतिपूर्ण वातावरण में है जो पर्यटकों को भारतीय संस्कृति का अनुभव करने का मौका देता है।

**ईकलिंगजी मंदिरः** यह भगवान शिव का प्रसिद्ध मंदिर है जो सीतामाता झील के किनारे स्थित है। इसकी स्थापना 734 ईस्वीं में हुई थी और इसकी वास्तुकला स्थानीय संस्कृति की प्रतीक है।

**अचलनाथ जी मंदिरः** यह मंदिर पापना जी के निवास के रूप में जाना जाता है और यहां पर भगवान शिव को पूजा जाता है। इसकी स्थापना राणा कुमार सिंह द्वारा की गई थी।

# उम्र से पहले बुढ़ापा नहीं चाहते तो रोजाना इन चीजों का करें सेवन, स्किन रहेगी टाइट

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** बढ़ती उम्र के साथ चेहरे पर एजिंग लाइंस और झुर्रियां दिखना एक नेचुरल प्रक्रिया है। अगर आप नहीं चाहते बढ़ती उम्र के साथ चेहरे पर झुर्रियां न दिखें तो आप इन चीजों का सेवन जरू र करें। यह आपकी स्किन को जवां बनाएगा और त्वचा भी रहेगी टाइट।

बढ़ती उम्र से पहले स्किन का नहीं रखा ख्याल तो समय से पहले ही बुढ़ापा नजर आने लगेगा। बढ़ती उम्र के साथ चेहरे पर झुर्रियां और एजिंग लाइंस का आना एक नेचुरल प्रक्रिया है। लेकिन कई लोगों के चेहरे पर उम्र से पहले ही झुर्रियां, दाग–धब्बे और एजिंग साइन नजर आने लगता है। चेहरे पर झुर्रियां और एजिंग लाइंस होने का



सबसे ज्यादा जिम्मेदार कारक लोगों की लाइफस्टाइल और खानपान में पोषक तत्वों की कमी। अगर आप कम उम्र में नहीं दिखना चाहते बूढ़े तो आप अपनी डाइट में कुछ चीजों को जरूर शामिल करें।

**विटामिन से भरपूर फलों का सेवन करें**

अगर आप भी उम्र से पहले बूढ़ा नहीं दिखना चाहते हैं तो आप अपनी डाइट में विटामिन से भरपूर फलों का सेवन करें। संतरा, बैरीज, अनानास, एवोकाडो, कीवी और स्ट्रॉबेरी जैसे फलों का सेवन कर सकते हैं। इन फ्रूट्स में सबसे ज्यादा विटामिन सी पाया जाता है। विटामिन सी रिच फलों के खाने से चेहरे की झुर्रियां गायब हो जाती है।

**प्रोटीन को डाइट में शामिल करें**

अपनी डाइट में प्रोटीन से भरपूर चीजों को शामिल करें। आप अपने आहार में अंडे, चिकन और डेयरी प्रॉडक्ट्स को एड ऑन कर सकते हैं। प्रोटीन से भरपूर फूड का सेवन करने से चेहरे की झुर्रियां और एजिंग लाइंस दूर हो जाती है।

**डेयरी प्रॉडक्टस का सेवन करें**

उम्र से पहले बुढ़ापा नहीं चाहते तो आप रोजाना अपने डाइट में डेयरी के प्रॉडक्टस को शामिल करें।

दूध–दही शरीर में पोषक तत्वों को बढ़ाते हैं जिससे स्किन भी बेहतर होती है। इन चीजों के सेवन से स्किन टाइट और झुर्रियां भी कम होती है।

**ड्राई फ्रूट्स खाएं**

ड्राई फ्रूट्स का सेवन करने से स्किन जवान रहती है। यह त्वचा को सुंदर बनाता है। अगर आप ड्राई फ्रूट्स खाएंगे तो आप समय से पहले बूढ़े नजर नहीं आएंगे। बादाम, अंजीर और काजू जैसे ड्राई फ्रूट्स विटामिन ई से भरपूर होते हैं और स्किन की सुरक्षा करते हैं।

# रामपुर में कारोबारी की दिनदहाड़े चार गोलियां मारकर हत्या

### दुकान पर कार सवार दो बदमाशों ने की ताबड़तोड़ फायरिंग

### दस साल बड़ी विधवा महिला से किया था प्रेम विवाह

### प्रेम विवाह को लेकर रंजिश की आशंका



**यूनिक समय, रामपुर।** उत्तर प्रदेश के रामपुर में शनिवार शाम दुकान पर बैठे 30 वर्षीय कारोबारी नवजोत सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी गई। वारदात मिलक खानम थाना क्षेत्र के कुमारिया कला गांव में हुई। कार सवार दो बदमाशों ने कारोबारी पर ताबड़तोड़ गोलियां बरसाईं। चार गोलियां लगने से वह गंभीर रूप से घायल हो गए। अस्पताल ले जाने पर चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मामले की जांच के लिए चार टीमें गठित की हैं।

टाह कला गांव निवासी नवजोत सिंह की कुमारिया कला में कपड़ों की धुलाई से जुड़ी दुकान थी। शनिवार शाम करीब पांच बजे वह दुकान पर अकेले थे और सामान समेट रहे थे। इसी दौरान चांदी रंग की कार से दो बदमाश पहुंचे। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, दोनों ने चेहरे कपड़े से ढक रखे थे। एक बदमाश ने पहले गोली चलाई, फिर दोनों ने कारोबारी पर कई गोलियां दाग दीं। वारदात के बाद आरोपी बिलासपुर की ओर भाग निकले।

पुलिस की शुरुआती जांच में नवजोत के विवाह को लेकर रंजिश की बात सामने आई है। बताया गया कि उन्होंने करीब एक साल पहले अपने से दस साल बड़ी 40 वर्षीय महिला से प्रेम विवाह किया था। महिला के पहले पति की करीब तीन साल पहले मौत हो गई थी। उसके दो बेटे न्यूजीलैंड में नौकरी करते हैं। पुलिस इस पहलू की भी जांच कर रही है, हालांकि हत्या की वजह अभी आधिकारिक रूप से स्पष्ट नहीं हुई है।

अपर पुलिस अधीक्षक अनुराग सिंह के मुताबिक, सूचना पर पुलिस, फोरेंसिक और श्वान दल की टीमें मौके पर पहुंचीं। घटनास्थल से साक्ष्य जुटाकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। पुलिस आरोपियों की पहचान कर उनकी तलाश में जुटी है। परिजनों की तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# आगरा में रिटायर्ड लेखाकार से 72.74 लाख रुपये ठगे

### एटीएस अधिकारी बनकर 34 दिन तक डिजिटल गिरफ्तारी का डर दिखाया

### आतंकी फंडिंग में फंसाने की धमकी देकर रकम ट्रांसफर कराई

**यूनिक समय, आगरा।** साइबर ठगों ने नगर निगम के सेवानिवृत्त लेखाकार विनोद कुमार श्रीवास्तव को एटीएस अधिकारी बनकर 34 दिन तक डिजिटल अरेस्ट रखा। आतंकियों से संबंध होने, जेल भेजने और मुठभेड़ में मारने की धमकी देकर आरोपियों ने उनसे 72 लाख 74 हजार 900 रुपये ठग लिए। पीड़ित की शिकायत पर साइबर थाने में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

सिकंदरा निवासी विनोद कुमार के पास 21 अगस्त को फोन आया। कॉल करने वालों ने दावा किया कि उनके आधार कार्ड से कर्नाटक में बैंक खाता खोला गया है, जिसमें आतंकियों से जुड़े 3.50 करोड़ रुपये आए हैं। आरोपियों ने उन्हें इस रकम में कमीशन मिलने की बात कहकर फंसाने की धमकी दी। ठगों ने 27 अगस्त से 18 सितंबर के बीच अलग-अलग फर्मों के खातों में रकम जमा कराई। पीड़ित की एफडी तुड़वाकर भी पैसा ट्रांसफर कराया गया। आरोपियों ने पत्नी और बेटे को बताने पर पूरे परिवार को जेल भेजने की धमकी दी। इसी डर से वह लंबे समय तक चुप रहे।

आखिरकार उन्होंने बेटे को जानकारी दी और साइबर अपराध हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत की। डीसीपी साइबर क्राइम आदित्य सिंह के मुताबिक, मुकदमा दर्ज कर तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों की तलाश की जा रही है।

# कारोबारी की मौत में प्रेमिका पर हत्या का आरोप

### चौथी मंजिल से गिरकर हुई थी 28 वर्षीय शिवा की मौत

### पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

### नेताओं के नाम पर धमकाने और मारपीट का आरोप, मां ने लगाए गंभीर आरोप

**यूनिक समय, लखनऊ।** राजधानी के हजरतगंज स्थित अवध ग्रीन अपार्टमेंट में कारोबारी शिवा शर्मा (28) की चौथी मंजिल से गिरकर हुई मौत के मामले में नया मोड़ आ गया है। मृतक की मां रंजना शर्मा ने मॉडल और सोशल मीडिया प्रभावशाली व्यक्तित्व श्रद्धा दुबे पर बेटे की हत्या कराने का आरोप लगाया है। उनकी शिकायत पर श्रद्धा, उसकी बहन रश्मि, चालक आदिल समेत पांच लोगों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है।

रंजना शर्मा का आरोप है कि उनका बेटा पिछले चार महीने से श्रद्धा के साथ रह रहा था। इस दौरान उसके साथ मारपीट की जाती थी और प्रभावशाली लोगों से संपर्क होने की धौंस देकर उसे धमकाया जाता था। मां ने बेटे और श्रद्धा के बीच हुई बातचीत के कुछ संदेश भी पुलिस को सौंपे हैं। उनका दावा है कि शिवा के शरीर पर चोटों के निशान थे।

परिजनों के मुताबिक, घटना वाली रात उन्हें शिवा की तबीयत खराब होने की सूचना दी गई। अस्पताल पहुंचने पर शिवा की मौत हो चुकी थी। परिवार ने श्रद्धा और अन्य लोगों पर हत्या का आरोप लगाया है। हालांकि, आरोपों की पुष्टि जांच के बाद ही होगी।

घटना के बाद अपार्टमेंट में सचिवालय का पास लगी सफेद ऑडी कार पहुंचने का दृश्य भी सीसीटीवी में सामने आया है। पुलिस कार और उसमें सवार व्यक्ति के बारे में जानकारी जुटा रही है। श्रद्धा के फरार होने की बात कही गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# परिवार की मर्जी के बिना दूसरी जाति में शादी करने से नाराजगी

### बेटी ने दो महीने पहले प्रेमी से की थी अदालत में शादी

### सम्मान को ठेस पहुंचने की बात कही



**यूनिक समय, चंदौली।** उत्तर प्रदेश के चंदौली जिले के जगदीशराय गांव में प्रेम विवाह से नाराज पिता ने अपनी जीवित बेटी का पिंडदान कर दिया। बेटी ने परिवार की मर्जी के बिना दूसरी जाति के युवक से शादी की थी। इस फैसले से आहत पिता ने पितृ विसर्जन के दिन बेटी का श्राद्ध कर्म किया।

गांव निवासी किसान प्रकाश सिंह की 20 वर्षीय बेटी नेहा सिंह ने करीब दो महीने पहले 24 वर्षीय सावन पासवान से अदालत में विवाह किया था। इसके बाद दोनों सोनभद्र में साथ रहने लगे। परिजनों ने नेहा को घर लौटने के लिए मनाने की कोशिश की, लेकिन वह अपने फैसले पर अडिग रही।

शनिवार शाम करीब पांच बजे प्रकाश सिंह ने घर से लगभग 200 मीटर दूर पीपल के पेड़ के नीचे बेटी का पिंडदान किया।

उन्होंने कहा कि बेटी के फैसले से परिवार को गहरा दुख पहुंचा है और अब उनसे कोई रिश्ता नहीं रहा। प्रकाश के भाई पप्पू सिंह ने बताया कि परिवार ने नेहा को बेटे की तरह पाला था। परिवार चाहता था कि वह अपनी जाति में विवाह करे। हालांकि, नेहा के अपने जीवनसाथी को चुनने के फैसले से परिवार नाराज है।

# एसटीएफ दरोगा पर रिश्वत में गाय भैंस और कुत्ता मांगने का आरोप

### मुकदमे से नाम निकालने के बदले 35 हजार रुपये भी मांगे

### 45 ऑडियो रिकॉर्डिंग की जांच के बाद हरियाणा में मुकदमा

### 45 रिकॉर्डिंग और स्क्रीनशॉट सौंपे



**यूनिक समय, प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश एसटीएफ में तैनात दरोगा रणेन्द्र कुमार सिंह के खिलाफ रिश्वत मांगने के आरोप में हरियाणा के हिसार में मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोप है कि उन्होंने अवैध शराब तस्करी के मामले से आरोपी का नाम हटाने के बदले दो गाय, एक भैंस, जर्मन शेफर्ड कुत्ता और कुर्सी-मेज खरीदने के लिए 35 हजार रुपये मांगे। हरियाणा के हिसार जिले के ब्यानाखेड़ा निवासी मनवीर सिंह उर्फ मन्नू के खिलाफ प्रयागराज के नवाबगंज थाने में दो सितंबर 2023 को अवैध शराब तस्करी का मुकदमा दर्ज हुआ था।

मनवीर का आरोप है कि इसी मामले में राहत देने के बदले दरोगा ने उससे रिश्वत मांगी। मनवीर ने 17 फरवरी 2026 को हिसार मंडल के भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो में शिकायत दर्ज कराई। उसने दरोगा से बातचीत की 45 ऑडियो रिकॉर्डिंग और स्क्रीनशॉट जांच एजेंसी को सौंपे। शिकायत के मुताबिक, बातचीत के दौरान गाय-भैंस और कुत्ते के अलावा नकदी की भी मांग की गई थी। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की जांच में रिकॉर्डिंग और अन्य साक्ष्यों को सही पाए जाने के बाद आवश्यक मंजूरी मिली। इसके आधार पर छह अक्टूबर 2026 को भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा सात के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। मामले में आगे की जांच जारी है। आरोपों की पुष्टि न्यायिक प्रक्रिया के बाद होगी।

# एएमयू के सहायक प्रॉक्टर को धमकी दो लोगों के खिलाफ मुकदमा

### सरकारी कामकाज का हिसाब बराबर करने की कही बात

### छात्रसंघ आंदोलन में जेल गया आरिज खान भी नामजद

**यूनिक समय, अलीगढ़।** अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय (एएमयू) में छात्रसंघ बहाली आंदोलन के दौरान जेल भेजे गए आरिज खान की मुश्किलें बढ़ गई हैं। सहायक प्रॉक्टर डॉ. मोहम्मद नैयर रहमान को कथित तौर पर धमकी देने के मामले में सिविल लाइंस थाने में आरिज खान और सकलैन के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है।

कॉमर्स विभाग के सहायक प्रोफेसर डॉ. नैयर रहमान ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि नौ अक्टूबर को दोपहर करीब डेढ़ बजे उनके मोबाइल पर फोन आया। फोन करने वाले ने अपना नाम सकलैन बताया और आरिज खान के साथ मिलने आने की बात कही। आरोप है कि बातचीत के दौरान सरकारी कामकाज को लेकर हिसाब बराबर करने की धमकी दी गई। शिकायतकर्ता ने अपनी और परिवार की सुरक्षा को लेकर चिंता जताई। उन्होंने बातचीत की रिकॉर्डिंग भी पुलिस को उपलब्ध कराई, जिसे इंस्टाग्राम पर साझा किए जाने की बात कही गई है।

छात्रसंघ चुनाव बहाली की मांग को लेकर हुए आंदोलन के दौरान 28 सितंबर की घटनाओं के बाद आरिज खान को हिरासत में लेकर जेल भेजा गया था। उनके समर्थन में छात्रों ने प्रॉक्टर कार्यालय पर प्रदर्शन किया था।

पुलिस ने शनिवार रात प्राथमिकी दर्ज कर भारतीय न्याय संहिता की धारा 351(2) के तहत मामला दर्ज किया। सीओ तृतीय सर्वम सिंह के मुताबिक, जांच उपनिरीक्षक विक्रम सिंह को सौंपी गई है। पुलिस फोन कॉल और रिकॉर्डिंग की जांच कर रही है।

# नवरात्र के पहले दिन मंदिरों में उमड़ा आस्था का सैलाब

### योगी ने मां पाटेश्वरी की पूजा कर नौ कन्याओं को दिए उपहार

### विंध्याचल में तीन लाख भक्तों ने किए मां के दर्शन



**यूनिक समय, मिर्जापुर।** शारदीय नवरात्र के पहले दिन रविवार को उत्तर प्रदेश के देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बलरामपुर स्थित शक्तिपीठ देवीपाटन मंदिर में मां पाटेश्वरी के दर्शन-पूजन कर प्रदेश की सुख-समृद्धि की कामना की। उन्होंने नौ कन्याओं का पूजन कर उन्हें तिलक लगाया, चुनरी ओढ़ाई और उपहार भेंट किए। मंदिर परिसर की गौशाला में गायों को गुड़ और चारा खिलाया। बालिका सम्मान कार्यक्रम में बच्चों को चॉकलेट भी बांटी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि नारी का अपमान करने वाला समाज कभी विकास नहीं कर सकता। उन्होंने स्थानीय जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के साथ क्षेत्र की प्रगति की समीक्षा भी की। बलरामपुर दौरे के बाद मुख्यमंत्री के गोरखपुर जाने और वहां कलश स्थापना करने का कार्यक्रम है।

मिर्जापुर के विंध्याचल धाम में मां विंध्यवासिनी के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ा। सुबह साढ़े आठ बजे तक करीब तीन लाख भक्त दर्शन कर चुके थे। मंदिर परिसर के बाहर लगभग एक किलोमीटर लंबी कतार लगी रही। कौशांबी के कड़ाधाम शक्तिपीठ में भी एक लाख से अधिक श्रद्धालु पहुंचे। यहां दर्शन के लिए भक्तों को करीब दो घंटे इंतजार करना पड़ा।

वाराणसी के दुर्गाकुंड मंदिर और गोरखपुर के गोलघर स्थित काली मंदिर में भी सुबह से भक्तों की भीड़ रही। प्रयागराज के अलोप शंकरी देवी मंदिर में श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना की। नवरात्र के पहले दिन प्रदेश के प्रमुख देवी मंदिरों में सुरक्षा और दर्शन व्यवस्था के विशेष इंतजाम किए गए। श्रद्धालुओं ने मां शैलपुत्री की पूजा कर सुख-समृद्धि की कामना की।

# दिल्ली में दूसरे दिन भी प्रदर्शन कई कार्यकर्ता हिरासत में



### सीजेपी नेताओं ने विमान से अपहरण करने का लगाया आरोप

### मुख्य चुनाव आयुक्त के इस्तीफे की मांग पर छात्रों का मार्च

### सौरव दास बोले, देश में आपातकाल जैसे हालात

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर दिल्ली में रविवार को लगातार दूसरे दिन प्रदर्शन जारी रहा। कनॉट प्लेस और राजीव चौक से जंतर-मंतर की ओर मार्च कर रहे छात्र संगठनों के कार्यकर्ताओं को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। प्रदर्शनकारी 'ज्ञानेश कुमार इस्तीफा दो' के नारे लगा रहे थे। इलाके में पुलिस और अर्धसैनिक बलों की भारी तैनाती रही।

इसी बीच कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के नेताओं ने प्रेस वार्ता कर केंद्र सरकार और दिल्ली पुलिस पर गंभीर आरोप लगाए।

सीजेपी नेता अशुतोष रांका ने दावा किया कि उन्हें, अभिजीत दीपके और सौरव दास को विमान से अगवा किया गया था। तीनों करीब 23 घंटे हिरासत में रहने के बाद रविवार सुबह लगभग दस बजे रिहा हुए।

रांका ने आरोप लगाया कि सरकार चुनाव आयोग को बचाने के लिए प्रदर्शनकारियों को हिरासत में ले रही है।

उन्होंने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार पर भारतीय जनता पार्टी को चुनावी लाभ पहुंचाने के लिए काम करने का आरोप भी लगाया। ये आरोप नेताओं की ओर से लगाए गए हैं।

सीजेपी नेता सौरव दास ने आरोप लगाया कि दिल्ली को छावनी में तब्दील कर दिया गया है और प्रदर्शनकारियों की गलत छवि पेश की जा रही है। उन्होंने देश में आपातकाल जैसे हालात होने का दावा करते हुए कहा कि सरकार लोगों की समस्याएं सुनने के बजाय उनसे टकराव कर रही है। प्रदर्शन के दौरान स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसएफआई), ऑल इंडिया स्टूडेंट्स फेडरेशन और ऑल इंडिया यूथ फेडरेशन के कार्यकर्ताओं को भी हिरासत में लिया गया। एसएफआई ने दावा किया कि राजीव चौक पर मार्च कर रहे कार्यकर्ताओं के साथ पुलिस ने मारपीट की। संगठन ने कुछ कार्यकर्ताओं के चोटिल होने की बात भी कही।

## सुप्रीम कोर्ट सख्त, दिल्ली में बैरिकेड हटाने और इंटरनेट बहाली के निर्देश



### मेट्रो सेवाएं सामान्य रखने और लोगों की आवाजाही सुचारू करने को कहा

### दिल्ली पुलिस को अवमानना नोटिस, मंगलवार को फिर होगी सुनवाई

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** दिल्ली में प्रदर्शन के दौरान मेट्रो स्टेशनों को बंद करने, बैरिकेडिंग और लोगों को हिरासत में लेने के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने सख्त रुख अपनाया है। रविवार को सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति जॉयमाला बागची और न्यायमूर्ति वी. मोहना की पीठ ने दिल्ली पुलिस को अवमानना का नोटिस जारी किया। अदालत ने शहर में आवाजाही सामान्य करने, इंटरनेट सेवा बहाल करने और अनावश्यक बैरिकेड हटाने के निर्देश दिए।

अदालत ने कहा कि लोगों को अपने पेशे से जुड़े काम करने से नहीं रोका जाना चाहिए। मेट्रो सेवाएं सामान्य समय-सारणी के अनुसार संचालित की जाएं। बैरिकेड केवल उन्हीं स्थानों पर रखे जाएं, जहां कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए उनकी आवश्यकता हो। हालांकि, अदालत ने स्पष्ट किया कि जरूरत पड़ने पर कानून-व्यवस्था के मद्देनजर उचित प्रतिबंध लगाए जा सकते हैं।

सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश वरिष्ठ वकीलों ने आरोप लगाया कि प्रदर्शन के दौरान वकीलों, पत्रकारों और अन्य लोगों को हिरासत में लिया गया। उन्होंने दावा किया कि कई लोगों को अपने वकीलों से मिलने में भी परेशानी हुई। याचिकाकर्ताओं ने मेट्रो स्टेशन बंद किए जाने और इंटरनेट सेवाओं पर रोक को लेकर भी सवाल उठाए। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने सरकार का पक्ष रखते हुए कहा कि दिल्ली के 303 मेट्रो स्टेशनों में से 45 पर प्रवेश और निकास रोका गया था। उनके मुताबिक, सभी स्टेशन शनिवार रात दस बजे तक खोल दिए गए थे। उन्होंने हिरासत में लिए गए कुछ लोगों को उसी दिन रिहा किए जाने की जानकारी भी दी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि कानून-व्यवस्था के नाम पर नागरिकों के अधिकारों की अनदेखी नहीं की जा सकती। अदालत ने मामले में जवाब मांगा है। अगली सुनवाई मंगलवार को होगी।

## कई राज्यों में बारिश का अलर्ट, पहाड़ों पर बर्फबारी



### दक्षिण भारत में 50 किलोमीटर की रफ्तार से चलेंगी हवाएं

### बिहार, झारखंड और ओडिशा में भी बारिश की संभावना

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** देश के कई राज्यों में मौसम ने करवट ली है। जम्मू-कश्मीर और हिमाचल प्रदेश के ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी हुई है, जबकि दक्षिण भारत सहित कई राज्यों में बारिश और आंधी-तूफान की संभावना है। भारतीय मौसम विभाग ने रविवार को कई क्षेत्रों के लिए येलो अलर्ट जारी किया है।

मौसम विभाग के अनुसार केरल, माहे, लक्षद्वीप, तमिलनाडु, पुडुचेरी और कराईकल में बिजली गिरने के साथ 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती हैं। आंध्र प्रदेश, झारखंड, ओडिशा और पश्चिमी राजस्थान में भी तेज हवाओं तथा आंधी-तूफान की आशंका है। बिहार, झारखंड और ओडिशा में आने वाले दिनों में बारिश हो सकती है।

जम्मू-कश्मीर के साथ हिमाचल प्रदेश के रोहतांग दर्रे, लाहौल-स्पीति और चंबा के ऊंचे इलाकों में बर्फबारी हुई है। हिमाचल प्रदेश में 13 अक्टूबर तक बारिश और बर्फबारी की संभावना है। वहीं, दिल्ली में रविवार को आंशिक बादल छाए रहने और अधिकतम तापमान 32 से 34 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने का अनुमान है।

## एससी-एसटी एक्ट में 22 पुलिसकर्मियों को राहत

### हाईकोर्ट ने एफआईआर का आदेश किया निरस्त

### न्यायिक अधिकारियों को सावधानी बरतने के दिए निर्देश

**यूनिक समय, प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने महाराजगंज के उप निरीक्षक समेत 22 पुलिसकर्मियों के खिलाफ एससी-एसटी एक्ट में प्राथमिकी दर्ज करने के विशेष अदालत के आदेश को निरस्त कर दिया। न्यायमूर्ति संतोष राय की एकल पीठ ने कहा कि सरकारी ड्यूटी के दौरान पुलिसकर्मियों पर लगे आरोपों में एफआईआर का आदेश देने से पहले मामले की सावधानीपूर्वक जांच जरूरी है। हालांकि, इस प्रक्रिया को लघु सुनवाई में नहीं बदला जा सकता। बसंतपुर गांव की दो महिलाओं ने आरोप लगाया था कि छह जून की रात उप निरीक्षक राकेश कुमार यादव, आरक्षी अमित कुमार और करीब 20 अन्य पुलिसकर्मी बिना महिला पुलिसकर्मियों तथा तलाशी वारंट के उनके घर में घुसे। महिलाओं ने अभद्रता, शौचालय जाने से रोकने और जातिसूचक टिप्पणी करने के आरोप लगाए थे।

पुलिस अधीक्षक से शिकायत पर कार्रवाई नहीं होने के बाद उन्होंने विशेष अदालत का रुख किया। अदालत ने 11 अगस्त को एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया था।

पुलिसकर्मियों ने आदेश को हाईकोर्ट में चुनौती दी। अदालत ने पाया कि विशेष अदालत ने पुलिस रिपोर्ट पर विचार नहीं किया और यह स्पष्ट नहीं किया कि मामले में जांच क्यों जरूरी नहीं थी। हाईकोर्ट ने प्रदेश के न्यायिक अधिकारियों को एफआईआर का आदेश देने से पहले पुलिस का पक्ष और वैधानिक प्रक्रिया देखने के निर्देश दिए।

जिला एवं सत्र न्यायाधीशों को मासिक बैठकों में इन निर्देशों के पालन की निगरानी करने को भी कहा गया।

## छात्र की संदिग्ध मौत पर आईआईआईटी में बवाल



### निदेशक और डीन के इस्तीफे की मांग पर धरना

### आपातकालीन सेवाओं में लापरवाही के आरोप जांच की मांग

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** झारखंड की राजधानी रांची स्थित भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईआईटी) में प्रथम वर्ष के छात्र आदित्य कुमार की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत के बाद तनाव फैल गया। छात्र का शव छात्रावास के कमरे में फंदे से लटका मिला। घटना से आक्रोशित विद्यार्थी खेलगांव स्थित छात्रावास परिसर में अनिश्चितकालीन धरने पर बैठ गए। उन्होंने संस्थान के निदेशक और एकेडमिक डीन के इस्तीफे की मांग की है। छात्रों का आरोप है कि घटना के समय आपातकालीन सुविधाओं में गंभीर खामियां थीं। विद्यार्थियों के अनुसार, रात करीब 11 बजे कमरे का दरवाजा तोड़कर आदित्य को नीचे उतारा गया। उनका दावा है कि उस समय उसकी सांसें चल रही थीं और छात्रों ने सीपीआर देकर उसे बचाने का प्रयास किया। लिफ्ट खराब होने के कारण उसे सीढ़ियों से नीचे लाना पड़ा।

छात्रों और परिजनों ने आरोप लगाया कि एंबुलेंस की चाबी मिलने में 15 से 20 मिनट की देरी हुई। एंबुलेंस में ऑक्सीजन सिलेंडर जैसी जरूरी सुविधाएं नहीं होने का दावा भी किया गया। विद्यार्थियों ने हॉस्टल कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई और पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच की मांग की है। हालांकि, इन आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है। छात्रावास परिसर में पुलिस तैनात है। आदित्य की मौत के वास्तविक कारणों का पता जांच के बाद ही चल सकेगा।

## मोदी-विजय ने किया चेन्नई मेट्रो के नए कॉरिडोर का उद्घाटन



### चेन्नई मेट्रो को नई रफ्तार, 4900 करोड़ की परियोजना शुरू

### सड़क, रेलवे, बंदरगाह और शिक्षा क्षेत्र की योजनाओं को भी गति

### 13 हजार करोड़ से अधिक की विकास योजनाएं

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** तमिलनाडु की राजधानी चेन्नई को मेट्रो रेल की बड़ी सौगात मिली है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विजय ने रविवार को चेन्नई मेट्रो रेल परियोजना के दूसरे चरण के पूनम दिल्ली-वडापलानी खंड का उद्घाटन किया। करीब 4,900 करोड़ रुपये की लागत से तैयार इस खंड पर मेट्रो सेवाओं की शुरुआत की गई। उद्घाटन के बाद दोनों नेताओं ने मेट्रो ट्रेन में सफर भी किया। इससे शहर के पश्चिमी उपनगरों और मध्य हिस्सों के बीच आवागमन आसान होने की उम्मीद है। करीब 15 किलोमीटर लंबे इस खंड पर 11 एलिवेटेड स्टेशन बनाए गए हैं। इसमें 3.7 किलोमीटर लंबी विशेष दोहरी मंजिला संरचना भी शामिल है। आधुनिक संकेत व्यवस्था से लैस इस कॉरिडोर को भविष्य में चालक रहित मेट्रो संचालन की संभावनाओं को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। नए मार्ग से यात्रियों का समय बचेगा और शहर की परिवहन व्यवस्था को मजबूती मिलेगी। प्रधानमंत्री के दौरे में 13 हजार करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास भी शामिल है। इनमें सड़क, रेलवे, बंदरगाह, पेट्रोलियम और शिक्षा क्षेत्र की योजनाएं प्रमुख हैं। करीब 3,700 करोड़ रुपये की राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं की शुरुआत के साथ तैयार परियोजनाओं को भी जनता को समर्पित किया जाएगा। रेलवे क्षेत्र में पलानी, वेल्लोर छावनी, अंबासमुद्रम, परमाकुडी और नमक्कल के पांच अमृत स्टेशनों का उद्घाटन प्रस्तावित है। इसके अलावा आईआईटी मद्रास में सुधा गोपालकृष्णन ब्रेन सेंटर का उद्घाटन भी कार्यक्रम का हिस्सा है।

राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं में एनएच-744ए के 36 किलोमीटर लंबे चार लेन वाले हिस्से और मदुरै रिंग रोड के 30 किलोमीटर लंबे खंड सहित अन्य योजनाएं शामिल हैं। चेन्नई, कामराज और वीओ चिदंबरनार बंदरगाहों से जुड़ी परियोजनाओं का उद्देश्य माल ढुलाई क्षमता बढ़ाना और समुद्री परिवहन सुविधाओं को मजबूत करना है। इन योजनाओं से तमिलनाडु में संपर्क, व्यापार और आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।

## रियाद एयरपोर्ट पर हमले में 12 की मौत, 300 घायल

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** सऊदी अरब की राजधानी रियाद स्थित किंग खालिद अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर हूती विद्रोहियों के हमले में 12 लोगों की मौत और 300 से अधिक के घायल होने का दावा किया गया है। खबर के मुताबिक, मृतकों में सऊदी अरब, बांग्लादेश, अमेरिका, मिस्र और अन्य देशों के नागरिक शामिल हैं। हमले के बाद हवाई अड्डे से उड़ानों का संचालन अस्थायी रूप से रोक दिया गया। क्षेत्रीय अधिकारी के अनुसार, शनिवार को दागी गई मिसाइल हवाई अड्डे के घरेलू उड़ानों के टर्मिनल तीन और चार के परिसर में गिरी। कई घायलों की हालत गंभीर बताई गई है।

# 5150 दीपों से जगमगाया अग्रसेन चौक,महाआरती कर किया नमन


महाराजा अग्रसेन की आरती करते अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के पदाधिकारी।

### अग्रसेन जयंती पर सामाजिक एकता और सेवा का संकल्प

### एक ईंट-एक रुपये के सिद्धांत को अपनाने का आह्वान

**यूनिक समय, मथुरा।** अग्रकुल प्रवर्तक महाराजा अग्रसेन की 5150वीं जयंती पर अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन की ओर से अग्रसेन चौक पर भव्य आयोजन किया गया। 5150 दीप प्रज्ज्वलित कर चौक को प्रकाशमय किया गया। महाराजा अग्रसेन की प्रतिमा पर माल्यार्पण, पुष्पवर्षा और महाआरती के साथ अग्रसेन चालीसा का संगीतमय पाठ किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ ब्रज प्रांत अध्यक्ष योगेंद्र ट्रेजरी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शशिभानु गर्ग, उपाध्यक्ष चिराग अग्रवाल, संगठन मंत्री ताराचंद अग्रवाल, जिला अध्यक्ष आशुतोष गर्ग और जिला महामंत्री वैभव अग्रवाल व विपिन अग्रवाल ने महाराजा अग्रसेन की प्रतिमा पर चंदन तिलक, माल्यार्पण और साफा बांधकर किया।

योगेंद्र ट्रेजरी और शशिभानु गर्ग ने कहा कि अग्रसेन जयंती पर पुष्पांजलि कार्यक्रम सामाजिक एकता और अखंडता का प्रतीक है।

महाराजा अग्रसेन की विचारधारा को बिना भेदभाव समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना सम्मेलन का लक्ष्य है। चिराग अग्रवाल और ताराचंद अग्रवाल ने कहा कि महाराजा अग्रसेन ने एक ईंट और एक रुपये का सिद्धांत लागू कर सभी वर्गों के उत्थान का मार्ग प्रशस्त किया था।

आशुतोष गर्ग, वैभव अग्रवाल और विपिन अग्रवाल ने कहा कि समाज किसी व्यक्ति के एकाधिकार से नहीं, बल्कि सामाजिकता और सबको साथ लेकर चलने से मजबूत होता है। संचालन वैभव अग्रवाल पार्षद और विपिन अग्रवाल एडवोकेट ने संयुक्त रूप से किया।

संयोजन विष्णु गर्ग, लक्ष्मी गर्ग, ऋषि अग्रवाल, सोम्या अग्रवाल और सजल गर्ग ने किया।

# अग्रसेन जयंती पर निकली भव्य कलश यात्रा


महाराज अग्रसेन की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते अग्र समाज के बंधु।

### 108 महिलाओं ने सिर पर कलश धारण कर लिया भाग

### महाराजा अग्रसेन के जयघोष से गूंजा अग्रसेन चौक

**यूनिक समय, मथुरा।** श्री अग्रवाल सभा रजि. के तत्वावधान में आयोजित अष्टदिवसीय महाराजा अग्रसेन रजत जयंती महोत्सव के चौथे दिन विभिन्न कार्यक्रम हुए। मसानी लिंक रोड स्थित अग्र वाटिका में महाराजा अग्रसेन के चित्रपट पर सामूहिक पुष्पांजलि अर्पित की गई। मुख्य निर्वाचन अधिकारी जयंती प्रसाद अग्रवाल और अध्यक्ष अशोक बंसल ने ध्वजारोहण किया। इस दौरान मिष्ठान वितरण भी किया गया।

प्रधानमंत्री सुभाष अग्रवाल सिक्का और मीडिया प्रभारी सचिन अग्रवाल ने बताया कि अग्रोहा विकास ट्रस्ट समिति के तत्वावधान में चौक बाजार से भव्य मां लक्ष्मी कलश यात्रा निकाली गई। इसमें 108 महिलाएं सिर पर कलश धारण कर चल रही थीं। मां लक्ष्मी की झांकी के साथ महाराजा अग्रसेन और माता माधवी की 18 पुत्रवधुओं के स्वरूप रथ पर विराजमान थे। मार्ग में जगह-जगह पुष्पवर्षा कर यात्रा का स्वागत किया गया और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

कलश यात्रा अग्रसेन चौक पहुंची तो सैकड़ों महिला-पुरुषों ने महाराजा अग्रसेन की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर जयघोष किया। यहां उपस्थित गणमान्य नागरिकों का पदाधिकारियों ने सम्मान किया। पुष्पांजलि संयोजक मनोज कड़े वाले और कलश यात्रा स्वागतकर्ता, महाराजा अग्रसेन स्वरूप गोवर्धन दास 'नीनू अग्रवाल' ने बताया कि समाज के लोगों ने उत्साहपूर्वक कार्यक्रमों में भाग लिया।

कार्यक्रम में कोषाध्यक्ष राजकुमार अग्रवाल, धीरज गोयल, अतुल हार्डवेयर, संदीप अडूकी, महावीर मित्तल, हरिओम अग्रवाल मांट वाले, कृष्ण मुरारी सर्राफ नेताजी, किशोर मित्तल, अंकित बंसल, रोहित एटा, योगेश गोयल, आशा अग्रवाल, मीरा अग्रवाल, रेनू अग्रवाल और शशि अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में अग्रबंधु उपस्थित रहे।

## फुटबाल और एथलेटिक्स के जिला स्तरीय चयन ट्रायल 12 अक्टूबर को

**यूनिक समय, मथुरा।** खेल निदेशालय और संबंधित खेल संघों के तत्वावधान में आयोजित होने वाली प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिताओं के लिए सीनियर पुरुष फुटबाल और सबजूनियर बालक एथलेटिक्स के जिला स्तरीय चयन ट्रायल 12 अक्टूबर को स्व. मोहन पहलवान स्पोर्ट्स स्टेडियम, गणेशरा में होंगे।

जिला खेल कार्यालय के अनुसार, सबजूनियर बालक एथलेटिक्स के ट्रायल सुबह 10 बजे और सीनियर पुरुष फुटबाल के ट्रायल अपरान्ह तीन बजे से होंगे। एथलेटिक्स में 17 सितंबर 2010 से 16 सितंबर 2012 के बीच जन्मे खिलाड़ी भाग ले सकेंगे। चयनित खिलाड़ी आगरा मंडल की टीम के लिए ट्रायल देंगे। फुटबाल की प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता 23 से 30 अक्टूबर तक वाराणसी में, एथलेटिक्स प्रतियोगिता 15 से 16 अक्टूबर तक वाराणसी में होगी।

# हवन-पुष्पांजलि के साथ अग्रवाल मंडल ने किया जयंती का शंखनाद

**यूनिक समय, मथुरा।** श्री अग्रवाल मंडल रजि. कृष्णा नगर की ओर से रजत जयंती महोत्सव-2026 के अंतर्गत महाराजा अग्रसेन की 5150वीं जयंती का शुभारंभ हवन-यज्ञ और पुष्पांजलि के साथ किया गया। डाइविल नगर स्थित अग्रवाल धर्मशाला में आयोजित कार्यक्रम में महाराजा अग्रसेन के चित्रपट पर माल्यार्पण कर भोग लगाया गया। समाज के लोगों ने श्रद्धा के साथ नमन किया।

सचिन अग्रवाल घी वाले ने बताया कि महाराजा अग्रसेन की जयंती कृष्णा नगर अग्रवाल मंडल ने भी विभिन्न कार्यक्रमों की शुरुआत की है। अजयकांत गर्ग और पार्षद गणेश अग्रवाल ने बताया कि 15 अक्टूबर को सनातन धर्म मंदिर, कृष्णा नगर से


महाराजा अग्रसेन जयंती पर हवन करते अग्र बंधु।

भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी, जो अग्रवाल धर्मशाला तक पहुंचेगी। 16 अक्टूबर को मंडी समिति से शोभायात्रा प्रारंभ होकर कृष्णा नगर बाजार होते हुए मुकुंद रिजॉर्ट पहुंचेगी।

यहां मंचीय कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

मंडल संरक्षक मंगीलाल आढ़ती और वेद प्रकाश मंगला ने अग्रबंधुओं से कार्यक्रमों में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की।

### 15 अक्टूबर को निकलेगी कलश यात्रा 16 को शोभायात्रा

इस अवसर पर शंकर लाल अग्रवाल, विनोद रिफाइनरी, डॉ. केएम अग्रवाल, गिरधारी लाल अग्रवाल, नरेश अग्रवाल, नवीन इंटरनेट, गोविंद सिंघल, संतोष सिंघल, राजेश अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, दीपचंद, दीपक अग्रवाल उस्फार, राजीव अग्रवाल, तरुण अग्रवाल, शैलू गर्ग, सुरेश चंद अग्रवाल, बंटी अग्रवाल, नीरज सिंघल, बादल अग्रवाल, तुषार अग्रवाल और मनीष मित्तल सहित बड़ी संख्या में अग्रबंधु उपस्थित रहे।






# केशव वाटिका में साधु-संतों पर पुष्पवर्षा कर किया स्वागत


कार्यक्रम में भजन सुनाते श्रद्धालु, साथ हैं महामंडलेश्वर परमेश्वर दास त्यागी।

### देवराहा बाबा ब्रज चौरासी कोस पदयात्रा में पहुंचे सैकड़ों साधु-संत

**यूनिक समय, मथुरा।** प्राचीन मंदिर ठाकुर श्री केशव देव के भक्तों की ओर से बिरला मंदिर स्थित केशव पथ पर श्री देवराहा बाबा ब्रज चौरासी कोस पदयात्रा का स्वागत किया गया। महामंडलेश्वर परमेश्वर दास त्यागी के नेतृत्व में पहुंचे सैकड़ों साधु-संतों पर केशव वाटिका में पुष्पवर्षा की गई। मनमोहन और सविता (आगरा वाले) ने साधु-संतों को पटका, माला और अंगवस्त्र भेंटकर सम्मानित किया। सभी संतों के लिए भोजन-प्रसाद की व्यवस्था भी की गई।

इसके बाद वाटिका में भजन संध्या आयोजित हुई। पदयात्रा में शामिल साधुओं ने ठाकुरजी के मधुर भजन सुनाए। दीपक शर्मा के भजन 'बस एक बार आजा गिरिराज की शरण में' और मनमोहन सर्राफ के भजन 'बड़ी दूर नगरी, बड़ी दूर नगरी, कैसे आऊं कन्हैया तेरी नगरी' पर श्रद्धालु भावविभोर हो गए। भजनों की धुन पर साधु-संत भी नृत्य करने लगे। ठाकुरजी और गोपाल महाराज की आरती भी की गई।

महामंडलेश्वर परमेश्वर दास त्यागी ने बताया कि यह पदयात्रा 17वीं बार निकाली जा रही है, जो 18 दिन में संपन्न होगी।

प्रत्येक पड़ाव पर अलग-अलग भक्त साधु-संतों की सेवा करेंगे। इस अवसर पर मोहित अग्रवाल, रोहित अग्रवाल, सौरभ अग्रवाल, संजीव अग्रवाल, कन्हैया लाल झुनझुनवाला, राजकुमार अग्रवाल, पंकज फैंसी, नारायण प्रसाद शर्मा और दीपक शर्मा सहित अन्य भक्त उपस्थित रहे।

# पुष्प विहार कॉलोनी में स्वास्थ्य शिविर, 80 मरीजों को लाभ



निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में मरीजों की जांच करते चिकित्सक आदि।

### जन्मदिन पर हरिश कुमार जैन ने कराया नि:शुल्क शिविर

**यूनिक समय, मथुरा।** प्रथम पहल फाउंडेशन की ओर से गांव-गांव स्वास्थ्य शिविर अभियान के तहत पुष्प विहार कॉलोनी में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। इसमें 80 से अधिक मरीजों का परीक्षण कर चिकित्सकीय परामर्श और आवश्यक दवाइयां निःशुल्क उपलब्ध कराई गईं।

शिविर का आयोजन हरिश कुमार जैन सर्राफ (नदबई वाले) ने अपने पुत्र दुष्यंत जैन के जन्मदिन पर सेवा कार्य के रूप में कराया। डॉ. शिवम गुप्ता ने मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर परामर्श दिया। पैरामेडिकल टीम के काजल, संजय गोयल, रोशनी, दीपक और हाकिम सिंह ने पंजीकरण, जांच और दवा वितरण में सहयोग किया। फाउंडेशन के अध्यक्ष कन्हैया लाल अग्रवाल (स्वीटी) ने कहा कि संस्था का संकल्प है कि अब हमने ठाना है, शहर को स्वस्थ बनाना है। फाउंडेशन ने भविष्य में भी ऐसे निःशुल्क शिविर आयोजित करने का संकल्प दोहराया।